


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 04 मई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 96 | मूल्य - 5 रुपये




● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# जिला कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम 07 मई को

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिले के किसानो की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के नेतृत्व में जिले के प्रभारी परासिया विधायक***

सोहन वाल्मीकी केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राज बघेल, विनोद वासनिक, जबलपुर प्रभारी राजकुमार खुराना, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहनसिंह चंदेल, मो. असलम खान, मो. हनीफअंसारी, जिले की चारो विधानसभा के प्रभारी अरूण पवार, गुलाबसिंह उइके, देवेन्द्र पटेल एवं आजम अली की उपस्थिति में प्रदेश की मोहन यादव सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण जिले में गेहूँ उपार्जन में किसानों को आ रही स्लॉट बुकिंग पोर्टल में आ रही गड़बडी और पोर्टल की सर्वर समस्या से किसान समय पर स्लॉट बुकिंग नहीं करा पा रहा है जिससे जिले का किसान परेशान और अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। वर्तमान समय में किसानों के सामने सबसे बडी समस्या यह उत्पन्न हो रही है कि अपने बेटा-बेटियों के विवाह संस्कार सहित अनेक कार्य ऐसे होते है जोकि बिना पैसा के किया जाना संभव नही होता।

ऐसे में यदि प्रदेश सरकार अपनी घोषणा के मुताबिक किसानो की उपज को समर्थन मूल्य में समय पर नही खरीदेंगी तो किसान अपने पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन हेतु बिचौलियों को फसल बेचने मजबूर होगा, जिससे किसान को उसकी उपज के सही दाम न मिलने के कारण भारी नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदेश की भाजपा सरकार के इस तानाशाही रवैया के चलते जैसे तैसे गेहूँ उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया, किन्तु उपार्जन केन्द्रो पर न तो पर्याप्त बारदाना है और ना ही विक्रय केन्द्रो में किसानों की फसल को सुरक्षित रखने की व्यवस्था, मोहन यादव सरकार के मंत्री, विधायक और भाजपा नेताओं के इशारे पर बिचौलियों को लाभ पंहुचाने की दृष्टि से किसानो के गेहूँ में चमक न होने का बहाना बताकर खरीदी से इंकार किया जा रहा है जिस कारण जिले का किसान भारी परेशान है।

जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा जिले के किसान भाईयों की इन सभी ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर मध्यप्रदेश की सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार के खिलाफ दिनांक 7 मई 2026 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे, नेशनल हाईवे 07 के ग्राम भोंगाखेड़ा में किसानों के हित संवर्धन हेतु एक दिवसीय किसान आंदोलन के तहत चक्का जाम कर प्रदेश की सोई हुई गूंगी, बहरी किसान विरोधी भाजपा सरकार को जगाने का प्रयास किया जायेगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, जिला एनएसयुआई, मंडलम, एवं सेक्टर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण व पदाधिकारी, जिला, जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगरपंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, जिला कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठो के अध्यक्ष गण, सभी पंचायत कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण, बीएलए गणो सहित जिले के अन्नदाता किसान भाईयों से इस जनव्यापी किसान आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में पंहुचकर किसान आंदोलन को सफल बनाने हेतु अपील की है।

# क्रुज हादसे में दिवंगत आत्माओं को आज कौमी एकता कमेटी देगी भावभीनी श्रद्धांजलि




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***विगत दिवस बरगी डैम में हुई हृदय विदारक क्रुज दुर्घटना ने पूरे प्रदेश सहित सिवनी जिले को शोकाकुल वातावरण में बदल दिया है।***

इस दर्दनाक हादसे में असमय काल के गाल में समा गए निर्दोष लोगों की याद ने हर संवेदनशील हृदय को झकझोर दिया है। हादसे के बाद से ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है और हर कोई दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने को व्याकुल नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कौमी एकता कमेटी, जिला सिवनी द्वारा एक विशाल एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है, जो शहर की संवेदनशीलता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनेगी।

यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम 04 मई 2026, सोमवार को सायं 7:00 बजे दल सागर चौपाटी, सिवनी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आमजन की बड़ी भागीदारी की संभावना है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान दीप प्रज्वलन, दो मिनट का मौन एवं सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, बल्कि उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना और समर्थन का संदेश भी दिया जाएगा। कौमी एकता कमेटी ने सभी नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे कठिन समय में समाज का एकजुट होकर खड़ा होना ही पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान करता है। समिति ने विशेष रूप से सभी वर्गों, समुदायों और संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने व्यस्त समय से कुछ पल निकालकर इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल हों और यह संदेश दें कि सिवनी हर दुख की घड़ी में एक साथ खड़ा रहता है।

समिति का मानना है कि जब पूरा शहर एकजुट होकर दीप और मौन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करेगा, तो यह न केवल दिवंगत आत्माओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को भी और अधिक मजबूत करेगी।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रमुख जन गौष्ठी कार्यक्रम आयोजित..





**जगप्रेरणा केवलारी।**

***राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी बर्ष के कार्यक्रम श्रृंखला मे प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन डा पवन स्थापक आरएसएस की शाखा सक्षम के प्रदेश अध्यक्ष एवं***

संचालक देवाजी नेत्रालय जबलपुर के मुख्य अतिथि में दिनांक 3 मई को अटल पैलेस केवलारी मे आयोजित हुआ। संघ की ओर से उपास्तिथ संजय अग्रवाल खंड संघ चालक पलारी, नंद कुमार तिवारी खंड संघचालक उगली के मंचासीन उपास्तिथी मे एवं बालगोविंद पाठक कार्यक्रम संयोजक, लालसिंह जंघेला सह जिला कार्यवाहक, संदीप बघेल इकाई खंड विस्तारक, नरेंद्र मालवीय देवाजी नेत्रालय जबलपुर के द्वारा जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ के शताब्दी बर्ष के परिपेक्ष्य मे विभिन्न आयोजन कर हिंदु एकता का शंखनाद किया जा रहा है।इसी श्रृंखला मे मुख्य वक्ता डा पवन स्थापक प्रदेश अध्यक्ष सक्षम ने एक घंटे के उद्बोधन मे बताया कि भारत का निर्माण स्वयं ईश्वर ने किया है यहाँ नदियों का जाल है, पर्वतों की श्रृंखला है,500 सो बर्षो तक मुगल अक्रांताओ ने भारत मे शासन किया यहाँ की संस्कृति को बदलने के लिये हिन्दूओं को दमन किया, धर्म को खत्म करने के लिये मंदिरो को तोडा गया, बहिन बेटियों की अस्मत लूटी गयी मुगल चले गये अंग्रेज आये फिर भी भारत हजारों बर्षो पहले जहाँ खड़ा था स्वतंत्रता के बाद भी सनातन बनकर हिंदू अडिग खड़ा है।अब तो भारत की संस्कृति परंपरा ओर धर्म को अमेरिका आस्ट्रेलिया जेसे देश अंगीकार कर रहे है, विदेशों मे कृष्ण जन्माष्टमी, रामनवमी की धुम मची हुयी है।इसलिए तो भारत को सम्पूर्ण संसार विश्व गुरु के रुप मे देख रहा है ,कृष्ण की गीता का अनुसरण कर रहा है ।हम संघ के शताब्दी बर्ष मना रहे बीते 100 बर्षो से आरएस एस ने एकता के सुत्र के लिये 42 शाखाओं के माध्यम से हिंदूत्व को एकता की माला मे गुथने मे लगा हुआ है। संघ की स्थापना भी संघ प्रमुख डा केशव बलिराम हेडगेवार ने स्वामी विवेकानंद जी के 3 सिद्धांतों के आधार पर की थी जिसमें राष्ट्रवाद का निर्माण, श्रेष्ठ चारित्र का निर्माण, भारत माता की पूजा –ये वो तीनो सिद्धांत पर शनै शनै चलते चलते आज हम मंदिरों मे भीड़ इकट्ठा करने मे सफल हो गये रामनवमी मे हिंदू एकता का ध्वज विदेशों मे फहरने लगा।

परिवार को धर्म परम्परा संस्कृति से परिपूर्णता पर्यावरण संरक्षणता से नव समाज का निर्माण कर सकते है।इस मौके पर नगर के प्रबुद्ध जनो मे पंडित दामोदर शुक्ला, डा अविनाश तिवारी, सचिन अवधिया, सतीश राय , रमाशंकर महोबिया, प्रदीप तिवारी, पवन यादव अधिवक्ता, अशोक बंदेवार जिला मीडिया प्रभारी सहित सैकडो प्रबुद्ध जनो की उपस्तिथी थी।

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा एवं प्रशासनिक उदासीनता की शिकायत



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के तहसील क्षेत्र भोमा अंतर्गत ग्राम किरकिरंजी, पोस्ट हिनोतिया, थाना कन्हीवाड़ा निवासी आवेदक धर्मराज साहू पिता श्री राम साहू ने शासकीय रास्ता भूमि***

पर हो रहे अवैध कब्जे एवं निर्माण को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदक के अनुसार उनकी निजी भूमि से सटी शासकीय भूमि (खसरा नंबर 34/1, रकबा 0.03 हेक्टेयर) पर पुसूलाल बोनिया पिता लक्ष्मण बोनिया एवं राकेश पिता पुसूलाल द्वारा जबरन अतिक्रमण कर अवैध मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आवेदक एवं आम ग्रामीणों के आवागमन में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में पूर्व में राजस्व न्यायालय तहसीलदार सिवनी (भोमा) द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 2/अ -68/2013-14 एवं 16/अ -70/2015-16 के तहत अवैध कब्जा हटाने के आदेश पारित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, सिविल न्यायालय (षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, जिला सिवनी) के प्रकरण क्रमांक **RCS** 13/2018 में भी न्यायालय द्वारा अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि अनावेदक द्वारा लगातार न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए न केवल कब्जा नहीं हटाया गया, बल्कि अवैध निर्माण को और पक्का किया जा रहा है।

आवेदक ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वे अवैध निर्माण का विरोध करते हैं, तो उनके विरुद्ध एससी/एसटी अधिनियम के तहत झूठी शिकायतें दर्ज कराकर उन्हें और उनके परिवार को प्रताड़ित किया जाता है। साथ ही, स्थानीय थाना, राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव द्वारा भी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे प्रशासनिक निष्क्रियता एवं संभावित संरक्षण की स्थिति स्पष्ट होती है।

आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटाया जाए, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# कृष्ण लांलनदानी होंगे जिले के नये पुलिस अधीक्षक..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्य प्रदेश सरकार ने शनिवार देर रात 62 आईपीएस अधिकारियों का बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। इस व्यापक बदलाव के तहत सिवनी जिले के पुलिस नेतृत्व***

में भी परिवर्तन हुआ है। इंदौर में पदस्थ डीसीपी कृष्ण लांलनदानी को सिवनी का नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त किया गया है। वहीं, वर्तमान सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता को इंदौर डीसीपी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी इस तबादला सूची में एडीजी, डीआईजी, एसपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

## सीएम के बैठक के बाद लिस्ट जारी हुई

यह सूची लंबे समय से प्रतीक्षित थी और इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और डीजीपी कैलाश मकवाणा के बीच हुई बैठक के बाद जारी किया गया। सिवनी जिले में नए एसपी कृष्ण लांलनदानी की नियुक्ति को लेकर स्थानीय लोगों में उत्सुकता है।

इंदौर जैसे बड़े शहर में कानून-व्यवस्था संभालने काअनुभव रखने वाले कृष्ण लांल नदानी से जिले में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जनसुनवाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा रही है। सुनील कुमार मेहता को इंदौर जैसे महत्वपूर्ण शहर में डीसीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ करने की उम्मीद..

उनके कार्यकाल में सिवनी में कई महत्वपूर्ण पुलिस पहलें की गई थीं। इस प्रशासनिक फेरबदल को राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। नए पदस्थ अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# ढूटेरा में हुआ प्रिया पेट्रोलियम का हुआ शुभारंभ..




**जगप्रेरणा उगली।**

***उगली के समीपस्थ ग्राम ढूटेरा में प्रिया पेट्रोलियम का भव्य शुभारंभ हुआ है उगली क्षेत्रवासियों के लिए यह बहुत बड़ी खुशी की बात है***

लगभग 35-40 ग्राम के रहवासियों को इसका लाभ मिलेगा अभी इन्हें पेट्रोल डीजल के लिए मोहबर्रा या रेचना जाना पड़ता था,अब यह पेट्रोल पंप खुल जाने से लोगों को बहुत इसका फायदा होने वाला है,इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला सहकारी बैंक सिवनी के पूर्व अध्यक्ष अशोक टेकाम ने विधिवत पूजन अर्चन कर फीता काटकर प्रिया पेट्रोलियम का शुभारंभ किया साथ ही उन्होंने प्रिया पेट्रोलियम के मालिक लवलीन को अपनी ओर से बधाई शुभकामनाएं भी दिए,निश्चित ही यह उगली क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है किसानों को आम जनता को इसका सीधा लाभ होगा। इस अवसर पर मनीष जैन, कन्हैया प्रजापति, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय उइके, भाजपा नेता राहुल राहंगडाले, सरपंच शकुन परते, भाजपा नेता अखलेश ठाकुर, पूर्व सरपंच सुरेश डोंगरे, कृष्णकुमार ठाकुर अनिल बोपचे,सहित अन्य ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# 78 केंद्रों पर गेहूं उपार्जन जारी:

## 17,145 किसानों से 93 हजार एमटी से अधिक खरीदी, 58.88 करोड़ भुगतान..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष संचालित 78 उपार्जन केंद्रों पर अब तक 17,145 किसानों से कुल 93,422 मीट्रिक टन***

गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देश पर अधिकारी लगातार उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो। उपार्जित गेहूं के परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही भी प्रगति पर है। वहीं किसानों को भुगतान की दिशा में भी कार्य जारी है। अब तक 58.88 करोड़ की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जा चुकी है तथा शेष भुगतान प्रक्रिया जारी है। प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्लॉट के अनुसार केंद्रों पर पहुंचकर अपनी उपज का विक्रय करें, जिससे उपार्जन एवं भुगतान प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करे.. हसीब मोहम्मद 7898530101




न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039








जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई









## हिना खान को मोटर सायकिल में बिठाकर ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार..

### दूसरे आरोपी की तलाश कर रही भरवेली पुलिस..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर से कुछ दूरी पर स्थित बैहर रोड पर स्थित ग्राम भरेवली हीरापुर की 15 वर्षीय नाबालिग का 26-27 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात्रि में दो युवकों के साथ मोटर सायकिल पर बैठकर उनके साथ जाने और प्रातः प्रहर में नाबालिग का शव फांसी पर लटका पाया गया था, जिसके बाद इस मामले में हिना की मौत को हत्या***

बताते हुए मुस्लिम समाज एवं सर्व समाज द्वारा पुलिस से मामले में कड़ी जांच करने की तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई, जिसके बाद भरवेली पुलिस सक्रिय हुई और अब भरवेली पुलिस ने एक आरोपी लवकुश कोहरे पिता गणेश कोहरे, निवासी ग्राम धनसुआ, थाना भरवेली, जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया है, जबकि वहीं दूसरे आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग की मृत्यु की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस बल एवं वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे, तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये। इस मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कार्यवाही उपरांत पोस्टमार्टम जिला अस्पताल बालाघाट में कराया गया, जिसमें डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण फांसी लगने से श्वासावरोध होना बताया गया।

पुलिस ने यह भी बताया कि जांच के दौरान बालिका के परिजनों एवं स्थानीय गवाहों के कथनों, सीसीटीवी फुटेज के लगातार अवलोकन, मोबाइल फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड तथा अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर घटनाक्रम की महत्वपूर्ण कड़ियां स्थापित की गई। घटना की रात्रि में आरोपी लवकुश कोहरे और अजीत बाहेश्वर द्वारा मोटर साइकिल से बालिका को अपने साथ ले गए थे, जिसके उपरांत उक्त घटना घटित हुई। जांच के दौरान उक्त आरोपियों द्वारा बालिका को मानसिक रूप से परेशान कर, आत्मघाती कदम के लिए उत्प्रेरित किया जाना पाया गया है।

**थाना भरवेली मे आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 119 / 26 पंजीबद्ध कर, एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के प्रत्येक पहलू की सूक्ष्मता से विवेचना की जा रही है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।**

### दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के जिला शाखा कार्यालय का

## बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब के पौत्र डॉ.भीमराव य. आंबेडकर के मुख्यातिथ्य में आज होगा भूमिपुजन..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट संहित पुरे देश में कार्यरत संगठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट के जिला शाखा कार्यालय सूर्यपुत्र भैयासाहब यशवंत राव आंबेडकर भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम आज 04 मई को स्थानीय बूढी वार्ड नं. 13 में***

### कक्षा दसवीं बोर्ड में स्टेट की सेकेंड टॉपर कु. अक्षरा घोड़ेसवार का भी किया जायेगा सम्मान..



मुख्य अतिथि बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब के हस्ते किया जायेगा। इस अवसर पर बालाघाट टुईयापार की बेटी कु. अक्षरा घोड़ेसवार द्वारा कक्षा 10 में 500 में से 498 अंक प्राप्त कर मप्र में 2 रा स्थान प्राप्त कर जिले एवं समाज का नाम रोशन करने पर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष करेंगे। प्रमुख अतिथियों में संस्था के कैप्टन प्रवीण निखाड़े, अंतरराष्ट्रीय सचिव मुंबई, डॉ. एवं एड. जगदीश गवई सर, मप्र के पालक मंत्री मुंबई, बी.एच. गायकवाड गुरुजी, डॉ. चरनदास ढ़ेंगरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द.बालाघाट, गौतम पाटिल राज्य संगठक भोपाल, सी.एल.बौद्ध सर राष्ट्रीय संगठक दतिया मप्र, आर.सी.दिवाकर अध्यक्ष मप्र उत्तर शिवपुरी, सुबचन राम सेवा निवृत्त आयकर कमिश्नर मुंबई, महिला नेत्री सुश्री रेशम भोयर वरिष्ठ समाज सेवी नागपुर, महेश चौबे पूर्व प्रदेश संगठक मप्र खरगौन, इंजीनियर पद्माकर गणवीर राष्ट्रीय संगठक, भीमराव फूसे विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र एवं अन्य पदाधिकारी होंगे। इस कार्यक्रम में सभी जिलेवासियों से समारोह में उपस्थिति की अपील जिला शाखा द्वारा की गई है।

## तेज आंधी-तूफान में सीमेंट शीट गिरने से 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला आई चपेट में.. हुई मौत, दो घायल

जगप्रेरणा बालाघाट।



***बालाघाट जिले में शनिवार 02 मई को आए आंधी तूफान के कारण जहां चंद मिनटों में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया, वहीं आंधी-तूफान के कारण हुई अनेक घटनाओं में ग्राम कोसमी में एक दुखद हादसा भी हो गया, जिसमें सीमेंट शीट की छत गिरने से तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 68 वर्षीय अंजनी बाई, पति लखन लिल्हारे को सीमेंट शीट गिरने से चपेट में आने के कारण गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां दूसरे दिन रविवार को उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं अन्य दो घायलों का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घटना ग्रामीण थाना नवगांव क्षेत्र के कोसमी गांव, वार्ड नंबर 17 में रेखु बसेने के घर पर हुई। पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान पांच लोग सीमेंट शीट के पलवा (छप्पर) के नीचे बैठे थे। इसी बीच अचानक तेज आंधी-तूफान आया और छत भरभराकर गिर गई।

हादसे में दो लोग किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि तीन लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## महान् तपस्वी महायोगी श्री दादागुरू जी का 17 मई को श्री विष्णुधाम हीरापुर में होगा आगमन

### महा धर्मसभा और महासंकल्प पद यात्रा में होंगे शामिल.. किरणभाई त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मां नर्मदा के भाव से प्रेरित धर्म जागरण महाअभियान के तहत सिद्धपीठ विष्णुधाम मंदिर हीरापुर भरवेली में 17 मई को महा धर्मसभा व महासंकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरू जी का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम को***

लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में आयोजन समिति के पदाधिकारी किरण भाई त्रिवेदी ने बताया कि श्री विष्णुधाम हीरापुर में विश्व की 205 फीट ऊंची दिव्य श्री हनुमान प्रतिमा एवं भव्य मंदिर निर्माण किया जा रहा है। इस संकल्प को पूर्ण करने एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के लिए अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरू का विष्णुधाम मंदिर हीरापुर आगमन हो रहा है। ये श्री दादागुरू का बालाघाट जिले में प्रथम आगमन होगा। उन्होंने बताया कि 17 मई को शाम 4 बजे से महासंकल्प यात्रा विश्वकर्मा मंदिर आंवलाझरी से प्रारंभ होगी व शाम 7 बजे से रात 8 बजे तक विष्णुधाम मंदिर हीरापुर में संत प्रवचन व सनातर जागरण का संदेश होगा। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जन जागरण, राम भक्ति व हनुमान शक्ति का प्रसार एवं प्रस्तावित 205 फीट हनुमान प्रतिमा निर्माण हेतु महासंकल्प सुदृढ़ करना है। जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह एवं श्रद्धाभाव का वातावरण निर्मित होगा।

### जगह-जगह होगा स्वागत

अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरू के बालाघाट आगमन पर सिवनी से रास्ते में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। वे विश्वकर्मा मंदिर आंवलाझरी से निकाली जा रही महा संकल्प यात्रा व संत प्रवचन में प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। बता दें कि श्री दादागुरु जी द्वारा 5 नवम्बर 2025 (कार्तिक पूर्णिमा) से पावन नर्मदा नदी की सेवा परिक्रमा प्रारंभ की गई व 11 मार्च 2026 को ओंकारेश्वर में हजारों परिक्रमावासियों के साथ उनकी अखंड निराहार मां नर्मदा सेवा परिक्रमा का चतुर्थ चरण पूर्ण हुआ।

वे करीब 18 सौ दिनों से निराहार तप में स्थित हैं, जो वर्तमान युग में अद्वितीय तप, त्याग एवं संकल्प का दिव्य उदाहरण है। दादागुरू महज मां नर्मदा के पावन जल का ही सेवन करते हैं। ऐसे महान् तपस्वी संत का जिले में आगमन होना गौरव का क्षण है।

इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी नरेन्द्र महाराज, डब्बूलाल नागेश, अमरसिंग धानेश्वर, शैलेन्द्र कुमार सेन, पवन मरकाम, विजेश बावने, अनिल बिसेन, अभिजीत तुरकर, अंकित शिववंशी, संतोष अर्जुनवार, रवि बरमैया, नंदकिशोर शिववंशी, दानीश शिववंशी, शक्ति नामदेव, शिवपाल टेंभरे, लिखेश्वर मसकरे, राजेंद्र शिववंशी सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने लोगों से इस पुनीत अवसर पर अधिकाधिक उपस्थिति का आव्हान किया है।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391




## मॉयल में अनुकम्पा नियुक्ति पुनः शुरू हो, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए - विधायक मधु भगत..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री को पत्र लिखकर (मॉयल) में अनुकम्पा नियुक्ति प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की मांग उठाई है।***

उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 से अनुकम्पा नियुक्ति बंद किए जाने के कारण सैकड़ों प्रभावित परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

विधायक भगत ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि कंपनी द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति बंद कर केवल 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं है। यह निर्णय कर्मचारी हितों के खिलाफहै और इससे श्रमिक परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति लंबे समय से ऐसी परिस्थितियों में परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सहारा रही है, जब परिवार का मुखिया असमय निधन हो जाता है। पत्र में उन्होंने 27 जून 2020 को दिवंगत हुए श्रमिक उमेश रामलाल सहित अन्य लंबित मामलों का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि कई प्रकरण आज तक लंबित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित मृतक श्रमिकों के पीएफऔर अन्य देय भुगतान भी समय पर नहीं मिल पाए हैं, जिससे परिवारों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।



विधायक भगत ने हाल ही में बीमारी के चलते दिवंगत हुए श्रमिक विनोद श्रीवास के परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में भी अनुकम्पा नियुक्ति दी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल घातक दुर्घटनाओं (फेटल एक्सीडेंट) के मामलों तक अनुकम्पा नियुक्ति सीमित करना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि कंपनी में प्रतिवर्ष कई कर्मचारी विभिन्न कारणों से मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के टवेझरी, मंझारा, जागपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मॉयल में कार्यरत हैं और अनुकम्पा नियुक्ति बंद होने से इन क्षेत्रों के परिवारों पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने मॉयल प्रबंधन द्वारा केन्द्र सरकार का हवाला देकर इस प्रक्रिया को बंद करने को मानवीय दृष्टिकोण से अनुचित बताया।

विधायक भगत ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री से मांग की है कि अनुकम्पा नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से पुनः शुरू किया जाए तथा पात्र श्रमिकों के परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सामने आज दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकार और कंपनी दोनों मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए जल्द निर्णय लें। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए श्रमिक परिवारों के हित में सकारात्मक कदम उठाएगी।

## आंधी का कहरः हट्टा में गिरे दर्जनों बिजली पोल, कर्मचारियों ने घंटों में रोशन किया इलाका..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शनिवार दोपहर अचानक बदले मौसम ने हट्टा क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी और तूफान के चलते क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक विद्युत पोल धराशायी हो गए, वहीं कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों***

और बिजली लाइनों पर गिर पड़े। तेज हवाओं के कारण कई घरों की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आंधी के चलते 11केव्ही के लाइन के तार , पोल ,विद्युत केबल टूट जाने से हट्टा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। अचानक छाए अंधेरे से ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हुई और शाम होते-होते हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो गए।

विपरीत और जोखिम भरे हालात में भी विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए पूरी हिम्मत के साथ तुरंत सुधार कार्य शुरू किया। तेज हवाओं, अंधेरे और लगातार खराब मौसम के बीच कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर टूटे पोल और गिरे तारों को दुरुस्त करने का कार्य लगातार जारी रखा।

कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम रहा कि पुरी रात काम करके नामुमकिन काम को कुछ ही घंटों में कर दिखाया हट्टा विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। शेष बचे गांवों में भी देर रात तक सुधार कार्य जारी रहा।






कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरें व अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में सप्लाई धीरे-धीरे सामान्य कर दी गई। कनिष्ठ अभियंता जेई बिरजू ऊईके ने बताया कि अचानक आए आंधी-तूफान से व्यापक नुकसान हुआ था, लेकिन हमारी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू किया। कर्मचारियों ने बेहद कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए अधिकांश क्षेत्रों में शीघ्र बिजली बहाल कर दी। शेष स्थानों पर भी तेजी से कार्य कर सप्लाई सामान्य कराई जा रही है।÷


स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार दोपहर से शुरू हुआ खराब मौसम देर रात तक बना रहा। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि बड़े-बड़े पेड़ भी गिरने की स्थिति में नजर आ रहे थे। ऐसे हालात में बिजली कर्मचारियों की तत्परता और समर्पण ने अंधेरे में डूबे क्षेत्र को फिर से रोशनी से भर दिया।

इस घटना ने जहां प्राकृतिक आपदा की गंभीरता को उजागर किया, वहीं हट्टा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी, साहस और सेवा भावना को भी सामने लाया।

## बैहर में सड़क पर लग रही दुकानों से बढ़ी भीड़, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433





सुमित शर्मा, जगप्रेरणा बैहर।

नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में इन दिनों सड़क पर ही दुकानें लगाए जाने से आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार की संकरी गलियों में सब्जी, फल और अन्य सामान की दुकानें सड़क पर फैल जाने से रास्ता काफी संकरा हो गया है, जिससे पैदल चलने वाले, बाइक सवार और अन्य वाहन चालकों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार अपने ठेले और सामान को निर्धारित सीमा से बाहर सड़क तक फैला देते हैं, जिससे रास्ता लगभग आधा रह जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहनों के निकलने में भी मुश्किल होती है, वहीं कई बार छोटे-मोटे हादसे होने की आशंका बनी रहती है। बाजार में आने वाले ग्राहकों ने भी इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई है।

उनका कहना है कि खरीदारी के लिए आने में अब असुविधा महसूस होती है, खासकर बुजुर्गों और महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है।

स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि इस समस्या के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाए और दुकानों को निर्धारित स्थान पर ही लगाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।


## 03 मई को 08 केन्द्रों पर हुई नीट परीक्षा, 2930 परीक्षार्थी हुए शामिल

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में 03 मई 2026 को हृश्वश्वञ्ज (नीट) प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में कुल 3028 में से 2930 परीक्षार्थी शामिल हुए।***









संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600 में से 577, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में 220 में से 209, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 240 में से 239, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480 में से 465, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 240 में से 236, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 480 में से 458, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में 288 में से 274 तथा जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 में से 472 परीक्षार्थी शामिल हुए।

प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी । साथ ही परीक्षार्थियों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

परीक्षा में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेपर, कंपास बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेनड्राइव, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन तथा संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर आदि लाना पूर्णतः प्रतिबंधित थी।

### ।। जाहिर सुचना ।।

मैं, योगेन्द्र एच. दहीकर, अधिवक्ता अपने पक्षकार आंचलिक प्रबंधक, भा. जी. बी. नि. गृह वित्त मर्या., छिंदवाडा की ओर से अधिकृत होकर आम सुचना जाहिर करता हूँ, कि मेरे पक्षकार के द्वारा एक अचल संपत्ति जो ग्राम भटेरा, प. ह. नं. 12 / 45 / 56, तह. व जिला बालाघाट में स्थित खसरा नं. 327 / 1 /11/2 रकबा 0.023 हें. / 2500 वर्ग फुट भूमि हैं, जों श्रीमति सरीता टेंभरे पति श्री सेवकराम टेंभरे जाति पवार निवासी वार्ड नं0 13, आई. टी. आई. रोड़, सुभाष नगर, बुढ़ी, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट के नाम व आधिपत्य की हैं, जिसे श्रीमति सरीता टेंभरे पति श्री सेवकराम टेंभर, की ही सहमति से अपने समक्ष बंधक रखा जा रहा हैं। यह कि, उपरोक्त खसरा नं. 327 / 1 /11 / 2 रकबा 0.023 हें., / 2500 वर्ग फुट भूमि भूमि संपत्ति श्रीमति सरीता टेंभरे पति श्री सेवकराम टेंभरे जाति पवार निवासी वार्ड नं. 13 आई. टी. आई. रोड़, सुभाष नगर, बुढ़ी, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट के द्वारा दीनदयाल गौतम पिता श्री श्रावण गौतम, जाति पंवार निवासी वार्ड नं. 01, नाग मंदिर रोड़, भटेरा चौंकी, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.04.2024 के माध्यम से क्रय किया गया था। तथा दीनदयाल गौतम पिता श्री श्रावण गौतम, जाति पंवार निवासी वार्ड नं. 01, नाग मंदिर रोड़, भटेरा चौंकी, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट के द्वारा उपरोक्त भूमि संपत्ति श्रीमति शिखा सचदेव पति श्री राहुल सचदेव निवासी वार्ड नं. 29, गोंदिया रोड़, बालाघाट से रजिस्टर्ड बैंनाम दिनांक 10.06.2021 के माध्यम से क्रय की गई थी। तथा श्रीमति शिखा सचदेव पति श्री राहुल सचदेव निवासी वार्ड नं. 29, गोंदिया रोड़, बालाघाट के द्वारा उपरोक्त श्रीमति अनिता बिसेन पति श्री राहुल बिसेन निवासी वार्ड नं. 32, नर्मदा नगर, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 15.05.2019 के माध्यम से क्रय की गई थी। एंव उपरोक्त संपत्ति श्रीमति अनिता बिसेन पति श्री राहुल बिसेन निवासी वार्ड नं. 32, नर्मदा नगर, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट के द्वारा श्रीमति कुमकुम वाधवानी पति श्री संतोष वाधवानी निवासी वार्ड नं. 01, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.08.2010 के माध्यम से क्रय की गई थी। चूकि दिनांक 15.05.2019 की रजिस्ट्री जो श्रीमति शिखा सचदेव पति श्री राहुल सचदेव निवासी वार्ड नं0 29, गोंदिया रोड़, बालाघाट एंव 31.08.2010 की रजिस्ट्री जो श्रीमति अनिता बिसेन पति श्री राहुल बिसेन निवासी वार्ड नं. 32, नर्मदा नगर, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट के नाम की हैं, उक्त दोनो दिनांक व नाम की रजिस्ट्रीयां घर में ही कही रख रखाव में गुम (खो) गई हैं, ऐसी जानकारी मेरे पक्षकार को श्रीमति सरीता टेंभरे पति श्री सेवकराम टेंभर के द्वारा दी हैं। अतः मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को अपने समक्ष रहन / बंधक रख रहा हैं, इसलिए ज्ञातव्य हो कि उक्त दोनो दिनांक व नाम की रजिस्ट्री से कोई संव्यवहार किया जाता हैं, वह अवैध व षुन्य होगा, उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इस प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे, अवधि बीत जाने पर कोई विचार नही किया जायेगा, तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को रहन रखने हेतु स्वतंत्र होगा।

वास्ते सुचना जानों।

दिनांक 03.05.2026.

योगेन्द्र एच. दहीकर पेनल एडव्होकेट
भा. जी. बी. नि. गृह वित मर्या.,
छिंदवाडा सर्किट हाउस रोड,
आजाद चौंक, बालाघाट

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो। 9329033433




## देर शाम गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण, सुरक्षित भंडारण के दिए निर्देश..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना खरीदी कार्य जारी है। वर्तमान में जिले के 13 केंद्रों में गेहूं तथा 8 केंद्रों में चना की खरीदी की जा रही है।***



इसी क्रम में कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के सीईओ श्री अभिनव सिंह बघेल ने 02 मई की देर शाम लालबर्रा स्थित उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अचानक आई बेमौसम बारिश और आंधी-तूफान के मद्देनजर श्री बघेल खरीदी केंद्र पहुंचे और वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मौसम को देखते हुए गेहूं को सुरक्षित रखने के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसानों की उपज को किसी प्रकार का नुकसान न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रखने, तौल कांटों की नियमित जांच करने तथा उपार्जन नीति के अनुरूप पारदर्शी तरीके से खरीदी करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद श्री बघेल ने शाखा लालबर्रा का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और शाखा व समिति के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी विपणन अधिकारी श्री अशोक भवरे, पर्यवेक्षक श्री एच.सी. बोपचे, संस्था प्रबंधक श्री हुकुमचंद बसेने सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।










जग प्रेरणा

वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# वादा निभाने के लिये धन्यवाद प्रदीप जायसवाल, आपकी कथनी और करनी सही मे है एक.. सूर्यभान सिंह पूसाम वारा सरपंच..

## वारा से शिवधाम मार्ग मे पक्की सडक निर्माण का मार्ग प्रशस्त, ग्रामीण जनप्रतिनिधीयो ने उत्साह से किया भूमीपूजन







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***क्षेत्र के सबसे चर्चित वारा से शिवधाम मोहल्ले मे आज मुख्य सडक के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। लगभग 65 लाख की राशी से 11 सौ मीटर बनने वाली इस सडक के भूमीपूजन समारोह मे सरपंच सूर्यभान सिंह पूसाम,***

प्रवीण खरोले के साथ प्रमुख ग्रामीणो ने एक स्वर मे सडक निर्माण के वादे को पूरा करने के पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है की अनेको आंदोलनो व धरना प्रदर्शन के बाद इस मार्ग को बनाने का आश्वासन प्रदीप जायसवाल के द्वारा पूर्व मे ही दिया गया था।

### दो साल तक धूल और मिटटी के गुबार से परेशान रहे थे ग्रामीणजन..

ज्ञात हो की बालाघाट मुख्यमार्ग पर वारा रेल्वे ओवर ब्रिज के निर्माण के समय इस बायपास वारा से शिवधाम मार्ग पर यातायात के दबाव के कारण लगभग दो साल तक धूल और मिटटी का सामना करने के बाद सहनशीलता खत्म होने पर मोहल्लेवासीयो ने धरना आंदोलन तक किया था। लंबे समय तक ग्रामीणो के द्वारा आंदोलन करने के कारण प्रशासन को भी उन्हे समझाने मे दिक्कतो का सामना करना पडा था। तात्कालिन समय मे आंदोनल स्थल पर जाकर पूर्व मंत्री ने ग्रामीणो को इस मार्ग को भी पक्की सडक मे बदलने का आश्वासन दिया था। जिसके बाद ग्रामीणो ने एक विश्वास पर अंतत अपना आंदोलन स्थगित किया था।

### वारा फ्लाई ओवर निर्माण की बची शेष राशी से बन रही है पक्की सडक..

दूसरी तरफनगर के गणेश मंदिर से वाराटोला तक बनने वाली पक्की सडक के विषय मे प्रदीप जायसवाल ने अंतत चीफ इंजीनियर सेतू निर्माण विभाग भोपाल से स्वीकृति लाकर वारा रेल्वे ओवर ब्रिज की बची शेष राशी से इस सडक को बनाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। वही कार्यएंजेसी के ठेकेदार श्री सिद्वार्थ जायसवाल के अनुसार आज से ही मटेरियल शिफ्टिंग का कार्य शूरू कर दिया गया है। कल से इस सडक का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा। आज इस सडक के भूमीपूजन के समय विशेष रूप से सर्वश्री सुर्यभान सिंह पूसाम, प्रवीण खरोले,रमेश कनोजे पंच, सुनील रणदीवे पंच, मोनू चैधरी, डालेश जैतवार, कमलेश वरकडे, आशुतोष कोहरे, नरेन्द्र पटले, दुर्गाप्रसाद राहंगडाले, भूरू देवगडे, अनिल देवगडे आदि उपस्थित भी रहे।


### फलाई ओवर के लिये पहले भी एक पक्की सडक और दो पूल का हुआ है निर्माण..

दूसरी ओर पूछे जाने पर प्रदीप जायसवाल ने बताया की वारा रेल्वे ब्रिज के निर्माण के पूर्व ही हमने गायत्री मंदिर बायपास मार्ग लागत 1 करोड 75 लाख की सडक का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया था। जो रेल्वे फ्लाई ओवर बनते समय यातायात के विषय मे उस समय जीवन रेखा साबित हुआ था। साथ ही जिला खनिज मद से नहर के उपर दो पूल निर्माण कार्य पूर्ण कराकर सीधे मदनपुर जाने का रास्ता बना दिया गया है। इसी वक्त हमने शिवधाम मार्ग के निर्माण का भी वादा किया था। जिसे आज पूरा कर दिया गया है। हमे खुशी है की अब बालाघाट सहित अन्य दिशाओ मे जाने का बारहमासी रास्ता आवागमन के विषय मे शुरू हो रहा है।

# निर्माण कार्यो मे रेत की दिक्कत के विषय को पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने जिलाधीश के समक्ष रखकर समाधान की जतायी उम्मीद..

## शासकीय कार्यो के साथ पंचायत कार्य और प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही तक हो रहे परेशान







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***ग्रामीण क्षेत्र मे विभिन्न निर्माण कार्यो मे भी रेत की दिक्कत को लेकर सोशल मिडिया मे एक पोस्ट को देखकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने गंभीरता दिखायी है।***

उन्होने जिलाधीश के समक्ष जनता की परेशानीयो को सामने रखकर त्वरित मे निदान की उम्मीद भी रखी है। दूसरी ओर जिलाधीश ने इस विषया को जिला खनिज अधिकारी के समक्ष रखकर समाधान के निर्देश भी प्रदान किये है। देखना है की अब इस ज्वलंत विषय पर क्या और कब समाधान सामने आता है। वारासिवनी क्षेत्र मे बडी नदियो और घाटो के होने के बाद भी रेत को लेकर चैतरफा दिक्कते देखी जा रही है। मंत्रालय भोपाल के द्वारा करायी गयी घाटो की निविदा के अभी तक बालाघाट जिले मे पूर्ण नही होने के कारण रेत अब एक सपना बनकर रह गयी है। मप्र शासन ने रेत की निविदा एक नही दो बार लगा दी है किंतू आफसेट प्राईज अधिक होने की दुहाई देकर विभिन्न ठेकेदारो ने अभी तक रूची नही दिखायी है। जिसके कारण वर्तमान मे सभी रेत घाटो मे रेत का उत्खनन पूर्णतह प्रतिबंधित है और जनता के साथ अनेको शासकीय ठेकेदार भी विभिन्न निर्माण कार्यो को लेकर परेशान है की आखिर रेत की पूर्ति करे तो कंहा से करे।

इस विषय को सोशल मिडिया मे कुंजबिहारी मुन्नू दुबे ( जिलाध्यक्ष ) कृषक भारतीय संगठन बालाघाट ने भी सामने रखकर जनप्रतिनिधीयो से उम्मीद जतायी है की आज जिले का प्रत्येक व्यक्ति रेत को लेकर परेशान है। हमारे जिले मे भवन निर्माण का कार्य फरवरी से लेकर 15 जून तक ही होता है। इसके उपरांत किसान भाई व मजदूर भाई खेती के कार्य मे व्यस्त हो जाता है। ऐसी स्तिथि मे अगर उपभोक्ता को रेत ना मिले तो वह किसी भी प्रकार का कच्चा अथवा पक्का निर्माण कार्य कैसे करवा सकता है।

इसी तरह की पीडा बडे बडे शासकीय कार्य व पंचायत निर्माण कार्यो के साथ प्रधानमंत्री आवास हितग्राहीयो की भी है की अगर समय सीमा मे निर्माण कार्य पूर्ण नही होगे तो जून माह से नदियो मे पानी का बहाव भी रेत की निकासी को प्रभावित करेगा। तब उनके निर्माण कार्यो का क्या होगा। साथ ही करोडो रूपये की राशी भी प्रभावित हो जायेगी। दूसरी ओर शासकीय ठेकेदार भी निर्माण कार्य की समयसीमा के खत्म होने की ओर इशारा कर रहे है कि अगर रेत नही मिली तो उनको मिली समयसीमा का क्या होगा?

जनमानस की इस समस्या की गंभीरता को समझकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने तत्काल इस विषय को जिलाधीश के समक्ष रखकर समाधान की उम्मीद जतायी है। विशेषकर शासकीय कार्य, ग्राम पंचायतो के कार्य और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहीयो के निर्माण कार्य की तकलीफे को खुलकर प्रशासन के समक्ष रखा गया है।

दूसरी ओर सुत्रो के अनुसार अधिकारी वर्ग द्वारा पडोसी जिले सिवनी से रेत लाकर निर्माण कार्य की दिक्कते दूर कर लेने की बाते भी सामने आयी है की किंतू निर्माणकर्ताओ का स्पष्ट कथन सामने आया है की क्या 90 किमी दूर सिवनी से रेत लाना व्यावहारिक है और इतनी दूर का आवागमन का भाडा उठा पाना संभव है।

# मॉयल की प्रगति में श्रमवीरों का महत्वपूर्ण योगदान : विवेक कुमार

## श्रमिक दिवस पर कामगारों/कर्मचारियों का हुआ सम्मान, बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया गया





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला मुख्यालय से लगभग 5 किमी दूर स्थित बालाघाट माइंस में कार्यरत कर्मचारियों और कामगारों के समर्पण, मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए श्रमिक दिवस के अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।***

यह सम्मान समारोह खान प्रबंधक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें खदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले श्रमिकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में खदान प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना, उनके कार्य के प्रति समर्पण को पहचान देना और अन्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। चयन प्रक्रिया में विभिन्न स्तरों पर कार्यरत कर्मचारियों के प्रदर्शन, अनुशासन और कार्य गुणवत्ता को आधार बनाया गया। समारोह में जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, उनमें श्रीमती सरस्वती धनराज, श्री विनायक चितामन बावने, श्री अजय रौतेल, श्री उमेश मडावी, श्री आदित्य भेसम तथा श्री रामदयाल गाते प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी को विभिन्न श्रेणियों जैसे अधिकतम हाजिरी, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध एवं कविता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक कुमार ने कहा कि ÷हमारे कामगार हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनके समर्पण और मेहनत से ही खदान सुरक्षित और उत्पादक तरीके से संचालित हो रही है। उनका योगदान अमूल्य है और ऐसे सम्मान कार्यक्रम भविष्य में भी प्रेरणा का कार्य करेंगे।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य को पहचान मिलती है और कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बनता है, जिससे सुरक्षा, उत्पादकता और कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में खदान प्रबंधन के अन्य अधिकारी भूमिगत खान प्रबंधक हेमंत बावनकर,कार्मिक विभाग के प्रमुख विवेक महाकालकर अन्य अधिकारी एवम कर्मचारी,कामगार उपस्थित रहे और सभी ने श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया और अंत में सभी को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।







जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रूपेश रावते भानेगांव

मो. 9826602705

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# दस शील का पालन करते हुए आदर्श समाज का करे निर्माण

## दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न..

जगप्रेरणा लांजी।

***आदर्श बौद्ध समाज के निर्माण के उद्देश्य से 24 अप्रैल से 3 मई 2026 तक जिले के विभिन्न तहसील एवं सर्कल मुख्यालयों में दस दिवसीय श्रामणेर***

बौद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविर, उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर तथा समता सैनिक दल के सैनिक प्रशिक्षण शिविरों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से समाज में नैतिकता, अनुशासन और धम्म के सिद्धांतों के प्रसार का संदेश दिया गया। इसी श्रृंखला के समापन अवसर पर लांजी में राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायी, पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। महासम्मेलन के दौरान मंच पर कैप्टन प्रवीण निखाड़े, बी.एच. गायकवाड़, सी.एल. बौद्ध, गौतम पाटिल, आर.सी. दिवाकर, बी.सी. सहारे, डॉ. जगदीश गवई, डॉ. चरणदास ढेंगरे, अनिल भाऊ मेश्राम, धर्मेंद्र कुरील, रमेश लोखंडे, शंकरराव शेषकर, संतोष गवले, आर.के. कठाने, सुनील वासनिक, रामबक्श सुखचरण राम, पदमाकर गनवीर, भीमराव फुसे, भंते राहुल बोधि जी (चैत्य भूमि, मुंबई), रेशम भोयर, महेश चौके सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत, सुभाष चौक पर माल्यार्पण..

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके लांजी आगमन पर नगर के सुभाष चौक में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सुभाष चौक स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वागत के उपरांत वे रानी अवंतीबाई स्टेडियम स्थित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में अनुयायी उनका इंतजार कर रहे थे।

### दीप प्रज्वलन और त्रिशरण पाठ से हुई कार्यक्रम की शुरुआत..

रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित महासम्मेलन का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. आंबेडकर, भगवान गौतम बुद्ध एवं सम्राट अशोक के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात त्रिशरण पाठ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। समता सैनिक दल द्वारा अतिथियों को विधिवत सलामी दी गई और मंच पर उपस्थित अतिथियों का विभिन्न संगठनों द्वारा फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।







### आदर्श समाज निर्माण का दिया संदेश..

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने दस शील का पालन करने का संकल्प लेने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुरी आदतों को त्यागकर अच्छी आदतों को अपनाना ही एक सशक्त और आदर्श बौद्ध समाज की स्थापना का आधार है। शिविरों में दी गई शिक्षाओं को केवल सीमित समय तक न रखकर उन्हें जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। वक्ताओं ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर जीवन जीने की कला सिखाने का माध्यम हैं, जिनसे व्यक्ति अपने आचरण, विचार और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।उन्होंने आगे कहा कि ज्ञान प्राप्त होने से व्यक्ति का भय समाप्त होता है और वह किसी भी प्रकार के भ्रम से मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकता है। संघर्ष को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने अस्तित्व के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। तभी समाज में सच्चे अर्थों में समता, भाईचारा और प्रगति स्थापित हो सकेगी।

### सम्मेलन की सराहना, कार्यकर्ताओं की मेहनत को मिला सम्मान..

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने लांजी में आयोजित इस राज्य स्तरीय महासम्मेलन की मुक्त कंठ से सराहना की। दूर-दराज से आए अतिथियों ने यहां के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आयोजकों की मेहनत, समर्पण और संगठन क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता लाने और नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

### आयोजन में व्यापक सहभागिता..

यह कार्यक्रम बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया (भारतीय बौद्ध महासभा) की मध्यप्रदेश राज्य शाखा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विलास चौरे, प्रमोद भीमटे, अशोक कुमार मेश्राम, कमल मेश्राम, गौरव भालाधरे, कैलाश वैद्य, संतोष वैद्य, इंद्रजीत अहिरवार, वीरेंद्र हुमने, महेंद्र रामटेके, इंदिरा भालाधरे, चंद्रदीप रामटेके, लक्ष्मण बोरकर, बुद्धवर्धन उके, उज्जवल मेश्राम, डॉ. मिथलेश रामटेके, सुरेश बंसोड़, कमलेश गजभिये, नुजीत भालेकर, एम.के. बौद्ध, पी.डी. भालाधरे, वंदना वैद्य, बी.आर. रामटेके सहित सभी सर्किलों के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन उत्तम प्रधान द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को क्रमबद्ध और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर राहगीरों के लिए शीतल जल प्याऊ का किया शुभारंभ



जगप्रेरणा किरनापुर।

तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर बस स्टैण्ड किरनापुर मे सत्यशोधक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर्व के पावन अवसर पर भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए आने जाने वाले राहगीरों के प्यासे कंठ को तर करने एवं प्यास बुझाने शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सत्यशोधक वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को शरबत का भी वितरण किया गया।इस दौरान इस पुनित एवं पावन कार्य के संचालन मे राहुल गजभिए, पंकज वासनिक, आर्यन वंजारी, निखिल रनगिरे सहित समस्त सदस्य साथियों का सहयोग प्राप्त हो रहा हैं।

# किरनापुर आगमन पर बाबा साहब के पौत्र का गर्मजोशी से किया गया स्वागत

जगप्रेरणा किरनापुर।

***लांजी मे आयोजित बौद्ध महासम्मेलन मे शिरकत करने जा रहे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के पौत्र डॉ भीमराव यशवंतराव अम्बेडकर***




के काफिले के किरनापुर आगमन पर क्षेत्रभर के सैकड़ों बौद्ध धम्म अनुयायियों द्वारा फूलमालाएं पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। अनुयायियों द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर के जयकारे लगाएं तथा काफिले मे शामिल लोग आगे लांजी के गंतव्य के लिए रवाना हुए।

इस दौरान डॉ भीमराव अम्बेडकर जी द्वारा चौंक मे की गई बाबा साहब की मनोहारी प्रतिमा की सराहना करते हुए पूछा गया कि क्या यह प्रतिमा अनुदान के माध्यम से स्थापित की गई है तो समुदाय के लोगो ने उन्हें बताया कि यह प्रतिमा सरकारी अनुदान के बिना तथा बिना किसी राजनीतिक सपोर्ट लिए सिर्फ़ सामाजिक बंधुओं के सहयोग से ही स्थापित की गई है। जिसकी उनके द्वारा खूब सराहना की गई। इस अवसर पर बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना एवं सुरक्षा समिति अध्यक्ष रामटेके, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा किरनापुर अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर, आर के शेंडे, उपाध्यक्ष राकेश बोरकर, सरोज गौतम भीमटे, कोषाध्यक्ष एस आर पटले, सचिव राहुल वैद्य, अमरदीप रामटेके, स्वाकेश भीमटे, संरक्षक एम आर बागड़े, सुरेखा ताई पटले, राजेन्द्र वैद्य, मिलिंद चौरे, विनय चौरे, हंसराज वाहने रमाशंकर हिरकने, जे के गेडाम, वाय आर रामटेके, फ़नेन्द्र मेश्राम, हरिदास मेश्राम, विकास सूर्यवंशी, प्रज्वल सूर्यवंशी, सुधांशु बोरकर सहित ग्रामीण शाखा भालवा एवं तहसील शाखा लांजी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी रही।

# व्यापारियों की नपा को दो टूक, पहले व्यवस्था दो फिर हटाओ अतिक्रमण..

जगप्रेरणा लांजी।

***नोटिस की राजनीति से शहर नहीं सुधरते, शहर सुधरते हैं नियोजन से और सुनियोजित नीतियों पर लगातार कार्य करने से। परंतु नगर परिषद***





लांजी अपनी विफलताओं का ठीकरा छोटे व्यापारियों पर फोड़कर अपना पल्ला झाड़ रही है। यदि परिषद वास्तव में दुर्घटनाएं रोकना चाहती है, तो उसे वसूली मशीन बनने के बजाय सुधारवादी संस्था बनना होगा। जनता देख रही है कि परिषद की कार्रवाई न्यायपूर्ण है या केवल अपने राजस्व दाताओं का दमन। नगर परिषद लांजी इन दिनों अतिक्रमण के नाम पर कानून का जो चश्मा पहनकर बैठी है, उसमें उसे केवल छोटे दुकानदारों के अस्थायी टीन शेड ही नजर आ रहे हैं। नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 223 का डर दिखाकर परिषद उन हाथों को मरोड़ने की कोशिश कर रही है, जो हर रोज परिषद की तिजोरी में राजस्व जमा करते हैं।

सवाल यह है कि क्या लांजी की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था का असली विलेन एक छोटा दुकानदार है, या परिषद की खुद की प्रशासनिक निरंकुशता? परिषद के पास इन दुकानदारों से टैक्स वसूलने के लिए लंबी चौड़ी फौज है, लेकिन जब इन्हीं व्यापारियों को एक सुव्यवस्थित हॉकर्स जोन या मार्केट कॉम्प्लेक्स देने की बात आती है, तो प्रशासन की इच्छाशक्ति को लकवा मार जाता है। विडंबना देखिए -परिषद उन फुटकर व्यापारियों का गला घोंट रही है जिनसे परिषद का राजस्व बढ़ता है। परिषद आज तक यह तय नहीं कर पाई कि व्यापारियों को हटाना समाधान नहीं, बल्कि उन्हें व्यवस्थित करना असली जिम्मेदारी है।

### रसूखदारों के आगे नतमस्तक, गरीबों पर शेर..

दुकानदारों ने परिषद की निष्पक्षता को सरेआम चुनौती दी है। मुख्य मार्गों पर दुकानों का जो अंबार लगा है और जहां से खुलेआम ठेका-वसूली का खेल चल रहा है, वहां परिषद के अधिकारियों की नजर क्यों नहीं पहुंचती? साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य सड़कों से गुजरना मौत को दावत देने जैसा है, लेकिन उस वक्त परिषद का अतिक्रमण दस्ता गहरी नींद में सोता रहता है। धूप-बारिश से बचने के लिए लगाए गए शेड पर तो नोटिस चस्पा हो जाता है, लेकिन रसूखदारों के पक्के कब्जों और सड़क घेरकर खड़े वाहनों पर परिषद की कलम नहीं चलती।

### व्यापारियों की दो टूक, पहले व्यवस्था दो, फिर हटाओ अतिक्रमण..

स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन को आईना दिखाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है की परिषद पहले व्यापारियों के लिए एक समर्पित बाजार क्षेत्र विकसित करे जहां जनता और व्यापारी दोनों सुरक्षित महसूस करें। जैसे ही परिषद छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक विकल्प देगी, मुख्य सड़कें स्वतः ही अतिक्रमण मुक्त हो जाएंगी। कार्रवाई का डंडा उन पर चले जो सड़क रोककर अंबार लगाए बैठे हैं, न कि उन पर जो छत के अभाव में शेड तानकर अपना गुजारा कर रहे हैं।

### बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर अतिक्रमण की असली जड़....

प्रशासनिक निरंकुशता का आलम यह है कि रोड चौड़ीकरण की योजना बनाने से पहले परिषद ने विद्युत विभाग के साथ तालमेल बिठाना जरूरी नहीं समझा। आज भी शहर की सड़कों के बीचों-बीच बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर सीना तानकर खड़े हैं।

इन्हीं खंभों की ओट में अतिक्रमण पनपता है। यदि परिषद ने इन खंभों को पहले शिफ्ट करवाया होता, तो सड़कें स्वतः ही चौड़ी हो जातीं और अतिक्रमण की समस्या पैदा ही नहीं होती। यह परिषद की तकनीकी और रणनीतिक हार है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

# सरस्वती शिशु मंदिर समर कैंपः तीसरे दिन बताया विज्ञान और खेल कूद का महत्व..

जगप्रेरणा लांजी।

***सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में निशुल्क समर कैंप के तीसरे दिन के आयोजन के मुख्य अतिथि योगेंद्र दहीकर खंड कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लांजी, विशिष्ट अतिथि अरुण आसटकर बौद्धिक***





प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लांजी, प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने एवं वरिष्ठ आचार्य त्रयंबक भगत, लेखराम ठाकरे उपस्थित रहे। इन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती, मां भारती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। वाणी वंदना हुई एवं अतिथियों का तिलक वंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दहीकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों के इस समर कैंप में आने से आपका व्यक्तित्व विकास के साथ ही सर्वांगीण विकास भी होता है। यहां विभिन्न प्रकार की नई-नई जानकारियां को सीखने और समझने मिलता है। अरुण जी ने कहा कि आप बच्चों को निशुल्क समर कैंप में पूरे मनोयोग एवं लगन से सीखना है, अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग, व्यायाम, खेलकूद भी करना अनिवार्य है। यह सारी चीज इस समय कैंप में आपको प्राप्त हो रही है, खूब लगन से शिविर का आनंद लें और अपने जीवन में उपयोग में ले। श्री भगत आचार्य जी ने बच्चों को प्रयोग करके बताया कि रासायनिक क्रिया के माध्यम से इस तरह पानी का रंग बदल जाता है, कागज में आग लग जाती है, और थर्मोकोल को गायब किया जा सकता है। यह सब विज्ञान के प्रयोग पर आधारित होता है, इसमें किसी प्रकार का जादू नहीं है। हमें अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए। इसे बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ प्रयोग को देखा और प्रशंसा की यह जादू नहीं यह विज्ञान है। साथ ही अंग्रेजी स्पोकन, वंदना, योग, नृत्य, खेलकूद आदि क्रियाकलापों में बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया,और बच्चों में आत्मविश्वास जागृत हुआ।श्री ठाकरे आचार्य जी ने आभार व्यक्त करते हुई कहा कि निशुल्क समर कैंप में दिनों दिन बच्चों में सीखने की जिज्ञासा बढ़ रही है, और बड़े ही शालीनता के साथ कैंप का आनंद बच्चे ले रहे हैं। समिति, आचार्य परिवार और बच्चों का इस शिविर को भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। आज समर कैंप का तीसरा दिन है और शिविर में लगभग 115 बच्चे शामिल हुए।







# विनेश को पक्षपात की आशंका, डब्ल्यूएफआई ने दिया सुरक्षा का आश्वासन लेकिन आयोजन स्थल बदलने से इनकार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को जोर देकर कहा कि गोंडा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट का स्थल नहीं बदला जाएगा और उन्होंने विनेश फोगाट की सुरक्षा की 'व्यक्तिगत गारंटी' दी।*



उनका यह आश्वासन तब दिया गया, जब इस दिग्गज पहलवान की सुरक्षा और पक्षपात को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। विनेश ने रविवार को चेतावनी दी कि गोंडा में आगामी राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कुछ भी अप्रिय घटना होने पर भारत सरकार जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में 'पक्षपातपूर्ण फैसलों' की आशंका भी जताई।

विनेश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख के करीबी लोग प्रभाव डाल सकते हैं।

संजय सिंह ने 'पीटीआई' को बताया, 'अगर विनेश को अपनी सुरक्षा की चिंता है तो मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि मैं इसकी व्यक्तिगत गारंटी ले रहा हूं। इसके साथ ही हमारे पास 'यूडब्ल्यूडब्ल्यू' द्वारा अनुमोदित रेफरी हैं, जो मुकाबलों का संचालन करते हैं और सभी ट्रायल मुकाबलों की रिकॉर्डिंग की जाती है, इसलिए पक्षपात की कोई संभावना नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह एक ओपन टूर्नामेंट है, जो अनिवार्य नहीं है। इसमें प्रतिस्पर्धा करने का उनका अपना विकल्प है। हम आयोजन स्थल नहीं बदलेंगे।'

राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 12 मई तक आयोजित होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत पुरुषों के फ्रीस्टाइल ट्रायल से होगी, जिसके बाद ग्रीको-रोमन (11 मई) और महिलाओं की स्पर्धा (12 मई) होगी। विनेश इस प्रतियोगिता के 57 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेंगी। उन्होंने दिन में पहले अपनी चिंता व्यक्त की थी।

विनेश ने कहा, 'प्रतियोगिता के दौरान अगर मेरे, मेरी टीम या समर्थकों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी।' उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया।

विनेश ने कहा, 'यह टूर्नामेंट ऐसी जगह आयोजित किया जा रहा है, जहां उनका (बृज का) काफी प्रभाव है। किसी मुकाबले में कौन रेफरी होगा, कितने अंक दिए जाएंगे, मैट चेयरमैन कौन होगा–सब कुछ उनके और उनके लोगों के नियंत्रण में है।' डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, 'क्या आपको लगता है कि लगभग 1400 पहलवानों के टूर्नामेंट में भाग लेने और यात्रा एवं आवास की व्यवस्था करने के बाद आयोजन स्थल को बदलना और पूरे कार्यक्रम को बाधित करना उचित है? डब्ल्यूएफआई को ऐसा क्यों करना चाहिए और भाग लेने वाले पहलवानों को असुविधा में क्यों डालना चाहिए?'

पिछले कुछ महीनों से अभ्यास कर रही इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह 'ईमानदारी से' कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं और देश के लिए फिर से पदक जीतना चाहती हैं, लेकिन उन्होंने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को लेकर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मुझे किसी तरह का विशेषाधिकार या विशेष व्यवहार नहीं चाहिए। मैं बस इतना चाहती हूं कि परिणाम प्रदर्शन के अनुरूप हों।' गौरतलब है कि विनेश अब राजनीतिज्ञ भी हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में कांग्रेस के टिकट पर जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से हरियाणा राज्य विधानसभा चुनाव जीता था।

विनेश ने एक ऐसे माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के मानसिक दबाव पर भी चिंता व्यक्त की, जिसे उन्होंने शत्रुतापूर्ण करार दिया, क्योंकि वह सिंह के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले में एक शिकायतकर्ता हैं। विनेश ने पीड़ितों की पहचान और गरिमा को लेकर उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि परिस्थितियों के कारण उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए विवश होना पड़ा।

उन्होंने कहा, 'मैं उन छह महिला पहलवानों में से एक हूं, जिन्होंने शिकायत दर्ज कराई है। मामला अभी अदालत में है और गवाहों से पूछताछ चल रही है। उससे जुड़े किसी स्थान पर प्रतिस्पर्धा करना, जहां अधिकतर लोग उससे संबंधित हो सकते हैं, मुझ पर अत्यधिक मानसिक दबाव डालता है।' विनेश ने कहा, 'मुझे संदेह है कि मैं उस माहौल में अपना शत-प्रतिशत दे पाऊंगी।' उन्होंने अधिकारियों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और खेल मंत्रालय 'तमाशबीन की तरह देख रहे थे' और उन्होंने सिंह को 'पूरी छूट' दे दी थी। विनेश गोंडा में महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इससे पहले वह 50 किलोग्राम और 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर चुकी हैं।

विनेश ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में अधिक वजन के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित होने के बाद से किसी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। उससे पहले सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रमुख पहलवानों और डब्ल्यूएफआई के बीच लंबे समय तक गतिरोध बना रहा था।

# सुपरस्टार के साथ डेब्यू, फिर बदली जिंदगी, बीमारी ने तोड़ा और पति ने छोड़ा, दिल दहला देगी इस एक्ट्रेस की कहानी...

डेस्क जगप्रेरणा।

*चमक-दमक से भरी बॉलीवुड की दुनिया में कई ऐसी कहानियां हैं जिन्हें सुनकर किसी की भी आंखें नम हो जाएं। ऐसी कहानियां, जो किसी फिल्मी कहानी जैसी लगती हैं।*



कई जहां जमीन से आसमान पर पहुंच गए तो कई की जिंदगी ग्लैमर से गुमनामी के अंधेरे तक जा पहुंची। आज हम आपको एक ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे, जिसने डेब्यू तो बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार की फिल्म से किया, लेकिन इनका एक्टिंग करियर कुछ ही फिल्मों तक सिमट कर रह गया और फिर ये गुमनामी में खो गई। इसके बाद ये तब फिर चर्चा में आई, जब इनका एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह मुंबई की चॉल में जिंदगी गुजारती दिखी थीं। हम बात कर रहे हैं 'वीरगति' एक्ट्रेस पूजा डडवाल की। 1995 में रिलीज हुई 'वीरगति' भले ही बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही, लेकिन पूजा डडवाल ने अपने अभिनय से सभी को इंप्रेस कर दिया।

## 18 की उम्र में डेब्यू..

पूजा डडवाल बॉलीवुड की एक सफल एक्ट्रेस बनना चाहती थीं। वह तब सिर्फ18 साल की थीं, जब उन्होंने अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। वीरगति से डेब्यू के बाद पूजा डडवाल ने 'आशिकी' (1999) और 'घराना' (2001) जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका करियर ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सका। फिल्मी दुनिया में अपना फ्लॉप होता करियर देखकर उन्होंने टीवी का रुख कर लिया, लेकिन यहां भी कुछ खास सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में कुछ समय बाद पूजा ने एक्टिंग वर्ल्ड से ही दूरी बना ली। फिर

## गोवा में बसाया घर..

पूजा डडवाल ने एक्टिंग इंडस्ट्री से दूरी बनाने के बाद शादी कर ली और गोवा में सेटल हो गईं, जहां वह अपने पति के साथ कैसीनो बेजनेस संभालने लगीं। लेकिन, 2018 में पूजा की दुनिया पूरी तरह से उथल-पुथल हो गई। पूजा को पता चला कि उन्हें टीबी की गंभीर बीमारी हुई है। उनकी हालत लगातार खराब रहने लगी और इस मुश्किल समय में उनके पति ने भी उनका साथ छोड़ दिया। पूजा ने खुद एक इंटरव्यू में अपना हाल बयां किया था और बताया था कि कैसे उनकी बीमारी के बाद उनके पति और परिवार ने उनका साथ छोड़ दिया, जिसके बाद वह पाई-पाई को मोहताज हो गईं और फिर मुंबई की चॉल में रहते हुए उन्हें गुजारा करना पड़ा। हालात इतने खराब थे कि उन्हें दो वक्त का खाना तक नसीब नहीं हो पाता था। चाय पानी के लिए भी वह दूसरों पर निर्भर हो गई थीं।

## लगाई मदद की गुहार..

हालात ज्यादा खराब होने पर पूजा ने मदद की गुहार लगाई। कई मीडिया चैनल्स के जरिए उन्होंने बॉलीवुड से सहायता मांगी, लेकिन जब कोई मदद के लिए आगे नहीं आया तब सुपरस्टार सलमान खान मसीहा बनकर सामने आए। एक वीडियो में पूजा का हाल देखने के बाद उन्होंने तुरंत उनके इलाज की व्यवस्था कराई और 6 महीने तक उनके इलाज का पूरा खर्च खुद उठाया। यही नहीं, सुपरस्टार ने उनके लिए रहन-सहन की भी उचित व्यवस्था भी की। हालांकि, पूजा अब भी एक्टिंग वर्ल्ड में दोबारा एक्टिव नहीं हो पाई हैं। मगर सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी झलक सामने आती रहती है।

# खतरों के खिलाड़ी 15ः डर का नया दौर, रोहित शेट्टी के शो में खतरों से खेलेंगे 12 सितारे, नाम से हटा पर्दा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'खतरों के खिलाड़ी 15' जल्द ही शुरू होने वाली है और इसके नए सीजन को लेकर लोगों में जबरदस्त बज देखने को मिल रहा है। कुछ दिनों पहले कई कंटेस्टेंट्स ने सोशल मीडिया पर 'K' पोज वाली कुछ रहस्यमयी पोस्ट शेयर की थीं,*




जिससे शो को लेकर अटकलों का बाजार और भी गर्म हो गया था। अब कंटेस्टेंट्स के नामों की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है, जिसमें पिछले सीजन्स के कुछ जाने-पहचाने चेहरों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। कलर्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस बात की पुष्टि की है कि पुराने कंटेस्टेंट्स की वापसी और नए प्रतिभागियों के शामिल होने से शो का क्रेज और भी बढ़ जाएगा।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंफर्म कंटेस्टेंट की लिस्ट..

एक्शन से भरपूर खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 के शुरू होने से पहले ही फैंस के बीच ऑनलाइन इसके कंटेस्टेंट्स को लेकर खूब चर्चाएं हो रही हैं। यहां उन सभी के नाम दिए गए हैं, जो इस बार जान की बाजी लगाने के लिए तैयार हैं।

**1. गौरव खन्ना**

अनुपमा अभिनेता गौरव खन्ना, जिन्होंने बिग बॉस 19 जीता और 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता। वह अब खतरों के खिलाड़ी 15 में दिखाई देंगे।

**2. अविनाश मिश्र**

अविनाश मिश्रा भी रोहित शेट्टी के शो में भाग लेने के लिए तैयार हैं, जो इसके पहले बिग बॉस 18 में नजर आ चुके हैं।

**3. विशाल आदित्य सिंह**

विशाल आदित्य को पहले सीजन 11 में देखा गया था और अब वह खतरों के खिलाड़ी 15 में तहलका मचाने के लिए तैयार हैं।

**4. रुबीना दिलैक**

एक्ट्रेस को इससे पहले खतरों के खिलाड़ी सीजन 12 में देखा गया था, जहां कोरियोग्राफर तुषार कालिया विजेता बनकर उभरे थे। अब वह खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन में दिखाई देंगी।

**5. फरहाना भट्ट**

बिग बॉस 19 की रनर-अप फरहाना भट्ट 'खतरों के खिलाड़ी 15' में भी एक नई एंट्री हैं। अपने पिछले शो में अपनी मजबूत पर्सनैलिटी को देखते हुए, वह रोहित शेट्टी के इस शो में एक काफी कड़ा मुकाबला देने वाली कंटेस्टेंट साबित हो सकती हैं।

**6. ओरी**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी, जो बॉलीवुड स्टार किड्स संग अपनी बॉन्ड के लिए जाने जाते हैं। वे 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह ओरी का पहला रियलिटी शो है। इससे पहले इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने 'बिग बॉस 17' में गेस्ट अपीयरेंस दिया था।

**7. जैस्मिन भसीन**

जैस्मिन 'खतरों के खिलाड़ी 9' में एक कंटेस्टेंट थीं, जहाँ वह सातवें स्थान पर बाहर हो गई थीं। साल 2020 में, जैस्मिन ने 'खतरों के खिलाड़ी - मेड इन इंडिया' में हिस्सा लिया, जहाँ वह 2nd रनर-अप रहीं। अब तीसरी बार खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आने वाली है।

**8. शगुन शर्मा**

रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट-आधारित रियलिटी शो में नई एंट्री 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की एक्ट्रेस शगुन शर्मा की है। शगुन शर्मा खतरों के खिलाड़ी 15 के नए नामों में से एक हैं।

**9. अविका गौर**

'खतरों के खिलाड़ी 15' में लौटने वाली एक और पुरानी कंटेस्टेंट हैं 'बालिका वधू' की एक्ट्रेस अविका गौर। इससे पहले वह रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो के 9वें सीजन में हिस्सा ले चुकी हैं।

**10. हर्ष गुजराल**

कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने पिछले साल 'द ट्रेटर्स' के साथ रियलिटी शो की दुनिया में कदम रखा था। हालांकि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में यह उनका पहला अनुभव है।

**11. करण वाही**

करण वाही ने पहले खतरों के खिलाड़ी सीजन 8 में हिस्सा लिया था और अब खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

**12. ऋत्विक धनजानी**

ऋत्विक धनजानी ने भी इस शो के दो सीजन में हिस्सा लिया है। 2017 में ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 8' में सातवें स्थान पर रहे थे। 2020 में उन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी - मेड इन इंडिया' में हिस्सा लिया और नौवें स्थान पर शो से बाहर हो गए।

# मुझे नहीं लगता कि पंत की कीमत का उनकी फॉर्म से कोई लेना-देना हैः अरुण..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने रविवार को यहां कहा कि ऋषभ पंत की बल्लेबाजी में आई गिरावट का उनकी भारी-भरकम कीमत से कोई लेना-देना नहीं है और टीम का कप्तान अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में आने से बस एक पारी दूर है।*



पिछले साल आईपीएल से पहले हुई मेगा नीलामी में पंत को एलएसजी ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज का प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा है।

पंत की कप्तानी में पहले सत्र में एलएसजी सातवें स्थान पर रही। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 14 मैचों में 127.50 के स्ट्राइक रेट से 269 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था।

लखनऊ की टीम आठ मैचों में दो जीत के साथ इस साल अंक तालिका में सबसे नीचे है। पंत ने इस दौरान एक अर्धशतक की मदद से 189 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 126.84 रहा है। पिछले दो वर्षों से पंत के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर अरुण ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कीमत का इससे कोई लेना-देना है।'

उन्होंने कहा, 'अगर आप उनकी बल्लेबाजी को ध्यान से देखें, खासकर हमारे दूसरे मैच को, तो उन्होंने हमें जीत दिलाई।'

इस पूर्व गेंदबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी के अभ्यास सत्र से पहले पत्रकारों से कहा, 'मुझे उनकी फॉर्म की ज्यादा चिंता नहीं है। बस एक पारी की बात है, वह अपनी फॉर्म में वापस आ सकते हैं।' पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच ने कहा कि आईपीएल के ग्रुप चरण में बचे हुए सभी मैच एलएसजी के लिए नॉकआउट मैच होंगे। उन्होंने कहा, 'उम्मीद की किरण नजर आ रही है।

हमारे पास अब कोई और रास्ता नहीं है। यहां से हर मैच हमारे लिए नॉकआउट है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आंकड़ों का बहुत अधिक विश्लेषण करने से कोई फायदा होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम कैसा प्रदर्शन करते हैं और हम उन चीजों पर कैसे ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन पर हमें भरोसा है।' दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस ने पिछली रात चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के बाद रविवार को अभ्यास सत्र निर्धारित नहीं किया था, लेकिन पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच महेला जयवर्धने टीम के घरेलू मैदान पर पहुंचे। चोट से वापसी की कोशिश कर रहे रोहित ने अपने दो सहायक कर्मचारियों के साथ हल्के वार्म-अप से शुरुआत की और बल्ले से अभ्यास करने से पहले कुछ देर दौड़ लगाई।

# 'शराब मेरी सहारा बनी थी', जाह्नवी कपूर ने बुरे दौर का सुनाया किस्सा, अब देनी पड़ रही सफाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

*जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने अपने बुरे दौर के बारे में खुलकर बात की है। इसी बातचीत के दौरान जाह्नवी ने बताया कि कभी एक दौर ऐसा भी था जब उनकी जिंदगी में काफी मुश्किलें थीं। इन परेशानियों से लड़ने के लिए जाह्नवी को शराब का भी सहारा लेना पड़ा था। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लगातार कई तरह की बातें होने लगीं।*

अब जाह्नवी ने इन बातों को लेकर सफाई दी है। जाह्नवी की टीम ने एक पोस्ट शेयर किया है और इस बयान को तोड़ मरोड़कर पेश न करने की भी अपील की है।

## पोस्ट शेयर कर दी सफाई..

जाह्नवी कपूर ने इस आधिकारिक बयान को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर किया है, जिसमें लिखा है, 'ऑफ द रॉक्स और अमाहा में हमने देखा है कि कुछ मीडिया पेज इस पहल और जाह्नवी कपूर से जुड़ी सामग्री को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक है।

हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि जाह्नवी कपूर इस चर्चा में एक देखभालकर्ता और सहयोगी के रूप में शामिल हैं, न कि ऐसे व्यक्ति के रूप में जिन्हें स्वयं नशे या शराब की लत का अनुभव हुआ हो। इस तरह की गलत जानकारी न केवल उनकी भूमिका को कम करती है, बल्कि नशे की लत से जूझ रहे लोगों और उनका समर्थन करने वालों के वास्तविक अनुभवों का भी अपमान करती है। आइए, क्लिकबेट के लिए भ्रामक जानकारी फैलाकर इस गंभीर समस्या में मदद करने के प्रयासों को तुच्छ न बनाएं।'



## शराब को लेकर क्या बोलीं थीं जाह्नवी?

राज शामानी पॉडकास्ट पर जाह्नवी ने बताया, 'मैं यह नहीं कहूंगी कि मुझे नशे की लत थी या मैं शराब का दुरुपयोग कर रही थी, लेकिन मैं अक्सर शराब पीती थी। और यह मेरे जीवन के एक बहुत ही दुखद अनुभव के बाद हुआ। मुझे ऐसा लगता था कि मुझे बस, जैसे, 'मुझे नशे में धुत होना है'।' जाह्नवी ने यह भी बताया कि यह अहसास उन्हें किसी नाटकीय मोड़ से नहीं हुआ। बल्कि, यह तब हुआ जब उन्होंने देखा कि शराब पीने से उनके शरीर और अगली सुबह पर क्या असर पड़ रहा था। उन्होंने बताया, 'मुझे यह पसंद नहीं था कि यह मेरे शरीर पर क्या असर डाल रहा था। मुझे सुबह उठने पर जो महसूस होता था, वह अच्छा नहीं लगता था। हैंगओवर जैसा एहसास मुझे बहुत परेशान करता था। मुझे अपने शरीर से एक ऐसी गंध आ रही थी जो मेरे जीवन में किसी ऐसे व्यक्ति से आती थी जो नशे की लत से जूझ रहा था, और मैं उस गंध को इस बात से जोड़ती थी कि, ठीक है, आज का दिन अच्छा नहीं है।'




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433



# जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार





## पारा चढ़ने के साथ 'डिलीवरी' कर्मियों की सुरक्षा के लिए कंपनियों ने बढ़ाए कदम..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन व्यापार और त्वरित वितरण क्षेत्र से जुड़े लाखों अस्थायी कर्मचारियों (गिग वर्कर) की कार्य परिस्थितियां फिर चर्चा में हैं।***

शहरों में दोपहिया वाहनों पर डिलीवरी करने वाले इन कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में पानी की कमी, थकावट और लू लगने का अधिक खतरा रहता है। समय पर डिलीवरी के दबाव और तय लक्ष्यों के कारण उन्हें दिन के सबसे गर्म समय में भी काम करना पड़ता है, जबकि रास्ते में पीने के साफ पानी और छाया जैसी सुविधाएं अक्सर उपलब्ध नहीं होतीं।

इस स्थिति को देखते हुए ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन, जोमैटो, स्विगी और जेप्टो जैसी प्रमुख कंपनियों ने अपने अग्रिम पंक्ति के कार्यबल को राहत देने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है।

अमेजन ने 'प्रोजेक्ट आश्रय' के तहत प्रमुख शहरों में 100 वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए हैं, जहां बैठने की सुविधा, शौचालय और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था है।

कंपनी के अनुसार, इन केंद्रों का उपयोग अन्य कंपनियों के डिलीवरी कर्मी भी कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा कि इन केंद्रों पर हर महीने डेढ़ लाख से अधिक डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाएं मिलती हैं। साथ ही, देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं, जहां चिकित्सक उन्हें गर्मी से बचाव के उपाय बताते हैं।

इसी तरह, जोमैटो ने अपने रेस्तरां साझेदारों और अन्य कंपनियों के साथ मिलकर 5,000 से अधिक विश्राम स्थल तैयार किए हैं, जहां छाया और पानी की सुविधा उपलब्ध है।

जोमैटो और ब्लिंकिट के डिलीवरी कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अस्पताल में भर्ती सहित उपचार सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

बिगबास्केट ने अपने केंद्रों पर विश्राम स्थल बनाए हैं, जहां बैठने, हवा और पेयजल की व्यवस्था है।

त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो अपने गोदामों और केंद्रों को उन्नत कर रही है, जहां ठंडक के लिए कूलर और गर्मी से बचाव के उपाय किए जा रहे हैं।

कंपनी के अनुसार, सभी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय और विश्राम की सुविधा उपलब्ध है तथा लू और पानी की कमी जैसी बीमारियों के लिए बीमा भी दिया जा रहा है।

कुछ कंपनियां पहनने योग्य राहत साधनों पर भी काम कर रही हैं। स्विगी और अन्य कंपनियों ने ठंडक देने वाले विशेष जैकेट उपलब्ध कराए हैं, जिनसे शरीर का तापमान कुछ समय के लिए कम किया जा सकता है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

## तंजानिया में खेती कर रहे हैं हरियाणा के किसान, उद्यमियों के लिए भी बड़े अवसर



चंडीगढ़, (भाषा)।

***तंजानिया में खेती करना और व्यवसाय करना हरियाणा के लोगों के लिए आकर्षक बन गया है, क्योंकि राज्य सरकार केंद्र के साथ मिलकर इस देश के साथ व्यापारिक संबंधों का विस्तार कर रही है।***

हरियाणा सरकार तंजानिया में निवेश के अवसरों को बढ़ाने पर जोर दे रही है, जिसके बाद यहां के किसानों और उद्यमियों ने भी इस पूर्वी अफ्रीकी देश के बाजारों में अवसरों की तलाश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को कृषि उद्यम करने में सक्षम बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने केंद्र के समर्थन से तंजानिया में एक लाख एकड़ कृषि भूमि के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार सैनी ने कहा कि अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार सहयोग का लगातार विस्तार किया जा रहा है, जिसमें खनन, प्लाईवुड, कृषि और आईटी जैसे क्षेत्र शामिल है। भिवानी के पास दादरी के रहने वाले सोमवीर घासोला उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने तंजानिया में जमीन खरीदी है। घासोला (58) ने तंजानिया की राजधानी डोडोमा के पास खनन व्यवसाय भी स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि यह अफ्रीकी देश बहुत सस्ती दरों पर उपजाऊ भूमि उपलब्ध कराता है, जो सभी प्रकार की फसलों को उगाने के लिए उपयुक्त है। वैश्विक बाजारों तक पहुंच भी उपलब्ध है, जो इस व्यावसायिक उद्यम को अधिक व्यावहारिक बनाती है।

घासोला ने जमीन के एक बड़े हिस्से के बारे में कहा कि यह चावल, गन्ना, काजू और अन्य फसलें उगाने के लिए उपयुक्त है। हरियाणा के यमुनानगर के एक उद्यमी शिव कुमार कंबोज (49) ने कुछ महीने पहले तंजानिया में एक चीनी नागरिक से एक कारखाना अधिग्रहित किया था और अब वह लाभदायक उद्यम चला रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''हम तंजानिया के कारखाने में कच्चा माल तैयार करते हैं। उसे यहां लाते हैं और अपने लिए उपयोग करते हैं तथा प्लाईवुड व्यवसाय के अन्य उद्यमियों को भी देते हैं।''

उन्होंने कहा, 'हरियाणा सरकार का विदेशी सहयोग विभाग हमारी सहायता कर रहा है। मैं लगभग तीन साल पहले तंजानिया गया था। पिछले साल मैंने वहां एक कारखाना खरीदा था... वहां के लोग और सरकार बाहें फैलाकर हमारा स्वागत करते हैं।'

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि राज्य औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है और एक मजबूत वैश्विक पहचान बना रहा है। सिंह ने कहा कि हरियाणा ने न केवल विकसित देशों के साथ बल्कि अफ्रीकी देशों के साथ भी व्यापार और निवेश के अवसरों की तलाश की है।

इस संबंध में हरियाणा सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल इस साल के अंत में सात दिनों के लिए तंजानिया का दौरा करेगा और 50वें दारे-सलाम अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (तंजानिया का प्रमुख व्यापार कार्यक्रम) में भाग लेगा, जहां एक हरियाणा पवेलियन भी स्थापित किया जाएगा।

सिंह ने कहा कि अफ्रीकी देशों में समृद्ध खनिज संसाधन और सस्ती खेती के अवसर हैं।

## एअर इंडिया के निदेशक मंडल की सात मई को बैठक, लागत कटौती और नए प्रमुख के चयन पर चर्चा संभव..




नई दिल्ली/मुंबई, (भाषा)।

***भारी घाटे और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया का निदेशक मंडल सात मई को होने वाली बैठक में लागत घटाने के उपाय,***

नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के चयन, वित्तीय स्थिति और अन्य मुद्दों पर चर्चा कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, कंपनी को मार्च 2026 में समाप्त वित्त वर्ष में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कंपनी के समक्ष चुनौतियां और बढ़ गई हैं।

सूत्रों ने बताया कि टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की बैठक सात मई को मुंबई में होगी। इसमें लागत घटाने के उपाय, वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय नतीजे और नए सीईओ की नियुक्ति से जुड़े मुद्दों पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

टाटा संस और एअर इंडिया ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। तेजी से बढ़ती विमान ईंधन कीमतों के बीच लागत घटाने के कड़े उपायों के तहत एअर इंडिया टिकट से भोजन और व्यवसाय श्रेणी के यात्रियों के लिए विश्राम कक्ष सुविधा को अलग करने के विकल्प पर विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच लागत में कटौती के कड़े उपायों के तहत, एअर इंडिया अब हवाई टिकट से भोजन की सुविधा को अलग करने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही, बिजनेस क्लास के यात्रियों के लिए 'लाउंज एक्सेस' की सुविधा को भी वैकल्पिक बनाने पर मंथन किया जा रहा है।

सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि ये उपाय अभी केवल विचाराधीन हैं और इन्हें लागू करने पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र में लगी पाबंदियों के कारण एयरलाइन को कई अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, निदेशक मंडल की बैठक में नए सीईओ के चयन पर भी चर्चा होने की संभावना है। एयरलाइन में सिंगापुर एयरलाइंस की 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, पाम-पामोलीन और बिनौला तेल में सुधार..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन मंडियों में सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन, डीओसी की स्थानीय मांग बढ़ने से सोयाबीन तिलहन, गर्मियों में औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ)***

एवं पामोलीन तथा उपलब्धता घटने और मांग होने से बिनौला तेल के दाम में सुधार आया। दूसरी ओर ऊंचे भाव पर मांग प्रभावित रहने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई जबकि आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के बीच सोयाबीन तेल कीमतें स्थिर रहीं।

बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल की आवक कम बनी रही जबकि सोयाबीन तेल से सरसों तेल क दाम उत्तर भारत (हरियाणा और दिल्ली) में 12-14 रुपये किलो सस्ता है जबकि देश में अन्य स्थानों पर यह 7-8 रुपये किलो सस्ता है। इस कारण कम आयवर्ग में भी सरसों तेल की मांग बढ़ रही है। इन वजहों से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

उन्होंने कहा कि सरसों तेल के रिफाइंड भी बनाये जा रहे हैं और खपत की ये रफ्तार आगे जाकर दिक्कत पैदा कर सकता है। सरकार को इस वक्त सरसों का स्टॉक बनाने की ओर विशेष ध्यान देना होगा जो आड़े वक्त फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा बाजार में सटोरिये भी हावी दिख रहे हैं जो सरसों का स्टॉक बनाने की जुगत कर रहे हैं ताकि दाम बढ़ने पर वे मौके का फायदा ले सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसे कुछ समीक्षकों द्वारा सरसों की आवक के बारे में पेश किया जाने वाला अनुमान, उनके अपने फायदे और किसानों का मनोबल तोड़कर उनकी ऊपज सस्ते में हड़पने की कोशिशों से प्रेरित मालूम पड़ता है। इसके प्रति सजगता बरतने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि देश में सोयाबीन के तेल-रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की मांग बढ़ रही है जिस वजह से बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार दिखा। जबकि आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली करने की वजह से समीक्षाधीन सप्ताहांत में सोयाबीन तेल के दाम अपने पूर्व सप्ताहांत के स्तर पर ही स्थिर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि मंहगे दाम के कारण मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। मूंगफली का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे है। पिछले दिनों सरकार ने मूंगफली की बिकवाली की थी लेकिन सरकार को अभी मूंगफली और सोयाबीन जैसे ऊपज का स्टॉक रखना चाहिये जो आड़े वक्त काम आयेगा। मूंगफली और सरसों का विक्लप भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने महीने की शुरुआत में ही आयातित खाद्यतेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की है और इसके तहत सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य 44 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन का 94 रुपये क्विंटल बढ़ाया है। इसके अलावा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली किये जाने की वजह से पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी सुधार आया। गर्मियों में औद्योगिक मांग बढ़ने से भी इस तेजी को समर्थन मिला। उपलब्धता कम रहने के बीच बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया।

सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 160 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,350 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 375-375 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 6,525-6,575 रुपये और 6,175-6,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

दूसरी ओर मांग की कमी और आयातित सोयाबीन डीगम तेल की लागत से कम दाम पर बिकवाली होने के बीच, दिल्ली में सोयाबीन तेल 16,000 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 15,850 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल 12,550 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रुख के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मूंगफली तिलहन का दाम 100 रुपये की गिरावट के साथ 6,650-7,125 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 250 रुपये की गिरावट के साथ 15,750 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 30 रुपये की गिरावट के साथ 2,500-2,800 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 225 रुपये के सुधार के साथ 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये बढ़कर 15,450 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की मजबूती के साथ 14,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

सुधार के आम रुख के अनुरूप, बिनौला तेल का दाम 150 रुपये के सुधार के साथ 15,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच नेस्ले इंडिया का जोर बिक्री बढ़ाने पर..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) बेचने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि कच्चे माल की लागत में तेजी और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर चिंताएं हैं।***

उन्होंने कहा कि कंपनी नए वित्त वर्ष में मात्रा आधारित वृद्धि पर ध्यान बनाए हुए है। मैगी, नेस्कैफे और किटकैट जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने सतर्क रुख अपनाते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्थिति का अनुमान लगाना कठिन है और वह देखो और इंतजार करो की नीति पर चल रही है।

तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, 'समय काफी अनिश्चित है। दो महीने बाद स्थिति क्या होगी, इसका अनुमान लगाना मुश्किल है।'

उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, मानसून को लेकर चिंता और जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण लागत पर दबाव बना हुआ है। हालांकि उन्होंने तत्काल कीमत बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया।

तिवारी ने कहा कि कंपनी का अधिकांश उत्पादन देश में होता है और 97 प्रतिशत से अधिक कच्चा माल स्थानीय स्तर पर प्राप्त किया जाता है, फिर भी इससे महंगाई के असर से पूरी तरह बचाव संभव नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक स्थिति कैसे बदलती है। हमें इसके लिए तैयार रहना होगा।'

उन्होंने बताया कि कंपनी लागत को नियंत्रित करने के लिए आंतरिक स्तर पर दक्षता बढ़ाने के उपाय भी कर रही है।

तिवारी ने कहा कि उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी के विभिन्न कारोबारों में मात्रा वृद्धि के कारण अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी मात्रा आधारित वृद्धि पर ध्यान देगी और बाजार में पहुंच बढ़ाने पर जोर बनाए रखेगी।

उन्होंने कहा कि कंपनी उपयुक्त अवसर मिलने पर अधिग्रहण के लिए भी तैयार है। वित्त वर्ष 2025-26 में नेस्ले इंडिया का कुल राजस्व 14.46 प्रतिशत बढ़कर 23,194.95 करोड़ रुपये रहा। चौथी तिमाही में कंपनी का लाभ 1,110.9 करोड़ रुपये रहा, जबकि उत्पाद बिक्री से आय 6,723.75 करोड़ रुपये दर्ज की गई।

## भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा की कमी से यूनिलीवर को बिक्री बढ़ने की उम्मीद: सीईओ




नई दिल्ली, (भाषा)।

यूनिलीवर के मुख्य कार्यापालक अधिकारी (सीईओ) फर्नांडो फर्नांडीज ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं तथा कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से पैकेजिंग लागत बढ़ने के बीच भारत जैसे बाजारों में स्थानीय प्रतिस्पर्धा घट रही है, जिससे यूनिलीवर को घरेलू देखभाल श्रेणी में मात्रा वृद्धि को समर्थन मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में आपूर्ति संबंधी बाधाओं से अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और कंपनी की बहुध्रुवीय आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ बनी हुई है।

फर्नांडीज ने कहा, ÷हम भारत और दक्षिण-पूर्वी एशिया में कुछ स्थानीय कंपनियों के बीच आपूर्ति की कमी देख रहे हैं। इससे हमारी बिक्री को बल मिलेगा और भविष्य में कीमतों का समायोजन करना सरल हो जाएगा।÷

कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में उसने भारतीय बाजार में कपड़े धोने के पाउडर (लॉन्ड्री पाउडर) के क्षेत्र में अपनी अब तक की सबसे बड़ी हिस्सेदारी प्राप्त की है। इसके साथ ही, कंपनी तेजी से बढ़ते 'तरल डिटर्जेंट' खंड में भी अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर रही है।

यूनिलीवर की भारतीय इकाई हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) श्रीनिवास ने बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने बिक्री की मात्रा में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो काफी अच्छी है।

सीएफओ ने कहा, ÷घरेलू देखभाल खंड में मुद्रास्फीति अक्सर हमारे पक्ष में कार्य करती है। हमारे पास विभिन्न मूल्य श्रेणियों के उत्पादों का एक बड़ा संग्रह है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कई स्थानीय कंपनियां आपूर्ति और नकदी के संकट के कारण दबाव में हैं।÷

इसे एक अच्छा अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत में कंपनी की वृद्धि आगे भी जारी रह सकती है, क्योंकि वह कीमत और बिक्री मात्रा के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम है।

उन्होंने कहा, ÷मांग के लिहाज से भारत का बाजार अच्छा दिख रहा है और हमें अपनी वृद्धि जारी रखने का भरोसा है।÷

राजस्व के आधार पर भारत, अमेरिका के बाद यूनिलीवर का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और कुल बिक्री में इसका योगदान करीब 12 से 14 प्रतिशत है।



जग प्रेरणा

देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# लुटेरों ने आभूषण की दुकान पर दिनदहाड़े गोलीबारी कर गहने लूटे..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तेलंगाना के करीमनगर शहर में रविवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने एक आभूषण की दुकान पर गोलीबारी कर वहां काम करने वाले चार कर्मचारियों को घायल कर दिया और सोने के गहने लूटकर फरार हो गए।***

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह वारदात पूर्वाह्न 11 बजे तब हुई, जब पांच बदमाश ग्राहक के भेष में दुकान में दाखिल हुए। उसने बताया कि आरोपियों ने सोने के गहनों के बारे में पूछताछ की और बंदूक का भय दिखाकर लूटपाट करने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा विरोध किये जाने पर उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें सेल्स मैनेजर और तीन अन्य कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लूटपाट को अंजाम देने से पहले चार राउंड गोलियां चलाईं।

पुलिस ने लूटपाट में शामिल संदिग्धों की तस्वीरें जारी कीं और उनकी गिरफ्तारी में सहायक जानकारी मुहैया कराने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। करीमनगर के पुलिस आयुक्त गौश आलम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई हैं।

पुलिस ने बताया कि चारों घायलों को करीमनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उसने बताया कि पीड़ितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि अब तक एक किलोग्राम सोने के आभूषण की लूट होने की जानकारी मिली है, लेकिन कर्मचारी अब भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

करीमनगर से लोकसभा सदस्य और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। संजय कुमार ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं घटना से कुछ मिनट पहले उसी इलाके में था और सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचा। यह घटना मेरे कार्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर घटी।'

कुमार ने कहा, 'मैं करीमनगर के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि दोषियों की पहचान की जाएगी और उन्हें जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।' लूटपाट की वारदात में घायल एक कर्मचारी ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे एक व्यक्ति दुकान में आया और 20 ग्राम की चेन और एक अंगूठी मांगी। उन्होंने बताया कि बाद में चार और लोग दुकान में दाखिल हो गए। कर्मचारी के मुताबिक, 'उन्होंने हथियार दिखाए, हमें धमकाया और घुटने टेकने को मजबूर किया। उन्होंने लॉकर की चाबियां मांगीं। हमने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने गोली चलाई और भाग गए।'

# पूर्वी दिल्ली में आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से नौ लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग जाने से दो परिवारों के कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।***




अधिकारियों ने बताया कि एयर कंडीशनर (एसी) में विस्फोट हो जाने के कारण आग लगी होगी। विवेक विहार फेज-1 में चार मंजिला इमारत में तड़के करीब तीन बजकर 50 मिनट पर आग लगी और यह तेजी से पिछले हिस्से में फैल गई तथा इसने पहली से चौथी मंजिल तक के फ्लैट को अपनी जद में ले लिया। इमारत में घना धुआं भर जाने के कारण निवासी उसके अंदर फंस गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग पहली मंजिल पर एसी में विस्फोट होने के कारण लगी होगी, और तेज हवाओं की वजह से इसने भीषण रूप ले लिया। इमारत की संरचना और सुरक्षा प्रणालियों ने त्रासदी को और विकराल कर दिया। इसमें प्रवेश और निकास के लिए केवल एक सीढ़ी थी, जबकि छत का दरवाजा बंद था। सेंट्रल लॉक सिस्टम और एकमात्र आंतरिक निकास मार्ग के रूप में उपयोग में लाई जाने वाली सीढ़ी जानलेवा साबित हुई।

पिछले हिस्से में लगी लोहे की ग्रिल और बंद बालकनी के साथ-साथ आसपास की इमारतों और एक संकरी गली के ऊपर से गुजरने वाले तारों के कारण लोगों को निकालने और बचाव प्रयासों में बाधा आई। एक दमकल कर्मी ने बताया, 'आग लगने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और इसकी वजह से 'सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम' से बंद दरवाजे को खोलना मुश्किल हो गया था, जबकि लिफ्ट भी काम नहीं कर रही थी। हमें फंसे हुए लोगों तक पहुंचने के लिए लोहे की ग्रिल काटनी पड़ी।' उन्होंने बताया कि लगभग 15 लोगों को बचाने के लिए टीम ने अलग-अलग दिशाओं से सीढ़ियां लगाईं, साथ ही एक घुमावदार सीढ़ी का उपयोग किया। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), पुलिस कर्मियों और स्वयंसेवियों के साथ दमकल की 12 गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगाई गईं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, इमारत के विभिन्न हिस्सों से, जिनमें फ्लैट और बंद दरवाजे वाली छत की ओर जाने वाली सीढ़ियां शामिल हैं, नौ झुलसे हुए शव बरामद किए गए। दूसरी मंजिल पर मृत पाए गए लोगों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनिता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), पुत्रवधू आंचल जैन (33) और पोते आकाश जैन के रूप में हुई है। ये सभी एक ही परिवार के हैं। तीसरी मंजिल पर एक अन्य परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए। उनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पहली मंजिल पर शिखा जैन (45) नाम की महिला मृत पाई गईं, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हैं, जिनका उपचार हो रहा है। उनकी दो बेटियां स्थानीय लोगों की मदद से निकलने में कामयाब रहीं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग तेजी से फैल रही थी और लोग मदद के लिए गुहार लगा रहे थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कुछ पीड़ितों ने छत पर पहुंचने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण वे बच नहीं पाए। एक दमकलकर्मी ने कहा, 'कुछ पीड़ितों के शव छत की ओर जाने वाली सीढ़ियों के पास मिले। अगर छत का दरवाजा खुला होता, तो शायद वे बच जाते।' पीड़ित परिवार के सदस्यों और दोस्तों ने बताया कि आग फैलने पर कुछ पीड़ितों ने मदद के लिए गुहार लगाई। मृतकों में से एक के दोस्त ने कहा, 'वह लगातार लोगों को फोन कर रहा था, 'मुझे बचाओ, मुझे बचाओ'।'

परिवार के सदस्यों और दोस्तों ने बताया कि कुछ पीड़ितों ने आवासीय भवन में आग तेजी से फैलने के दौरान कई लोगों से संपर्क करने की कोशिश की थी। इस घटना में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के करीबी दोस्त ने बताया, 'उसने कई लोगों को फोन किया, बार-बार 'मुझे बचाओ, मुझे बचाओ' की गुहार लगाता रहा।' परिवार के नये घर में काम कर रहे पारिवारिक मित्र और वास्तुकार मनोज ने बताया कि मृतकों में शामिल निशांक ने उन्हें तड़के लगभग 3:50 बजे और फिर 4 बजे फोन किया, क्योंकि इमारत के अंदर स्थिति बिगड़ रही थी। शिखा जैन (मृतका) के रिश्तेदार अनुज जैन (50) ने बताया कि शिखा के पति नवीन जैन बुरी तरह झुलस गए हैं और उनका इलाज चल रहा है। अनुज ने कहा, 'उनकी दोनों बेटियों ने इमारत से कूदकर अपनी जान बचाई। उन्हें अस्पताल लाया गया और बाद में छुट्टी दे दी गई।' अधिकारियों ने बताया कि नवीन जैन कम से कम 30 प्रतिशत झुलस गए हैं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हालांकि, परिवार ने आरोप लगाया कि नवीन को सफदरजंग अस्पताल ले जाते समय जीटीबी अस्पताल ने लापरवाही बरती। उन्होंने दावा किया, 'हम वहां दो घंटे तक फंसे रहे और कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं थी।' शहीद भगत सिंह सेवा दल के जोतजीत सबरवाल ने बताया कि उनका दल सुबह 6:15 बजे घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को निकालना शुरू किया। उन्होंने इमारत के अंदर के दृश्य को 'भयावह' बताया। लगभग 10-15 लोगों को बचा लिया गया, जबकि मामूली रूप से घायल दो लोगों को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल ने एक बयान में कहा, 'विवेक विहार में आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही, हताहतों की आशंका को देखते हुए अस्पताल ने तुरंत आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल (कोड रेड) सक्रिय कर दिया।' इसमें कहा गया कि सभी संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया और क्लिनिकल विभागों और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने मरीजों के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के वास्ते तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी।

अस्पताल ने बताया, 'लगभग सुबह 5 बजे, झुलसने से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से दो का आपातकालीन विभाग में इलाज किया गया।' विवेक विहार पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आग लगने के सटीक कारण और संभावित चूक का पता लगाने के लिए जांच जारी है। उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस घटना में लोगों की मौत होने पर दुख जताते हुए कहा कि पीड़ितों को चिकित्सकीय सहायता और राहत तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है। कई राजनीतिक नेताओं ने घटनास्थल का दौरा भी किया और शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक संजय गोयल सहित पार्टी के अन्य नेताओं के साथ सुबह करीब 10 बजे शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की।

# खड़े ट्रक से टकराई कार, चार की मौत, नए मकान की नींव डालकर लौट रहे थे मृतक...



डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा स्थित NH-27 पर तेज रफ्तार कार और सड़क किनारे खड़ी ट्रक के बीच भीषण टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।***

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार शहर की ओर से तेज गति में आ रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार अचानक कट से मुख्य सड़क पार करने लगा। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक बुरी तरह फंस गए।

## मौके पर चार लोगों की मौत..

हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कार की हालत इतनी खराब थी कि किसी को बचा पाना संभव नहीं हो सका। स्थानीय लोगों ने राहत-बचाव की कोशिश की,

लेकिन तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में दो की पहचान मोतीपुर निवासी सोनू कुमार, कृष्ण कुमार मंतोष और गुंजन के रूप में हुई है।

## मकान की नींव डालकर लौट रहे थे मृतक..

बताया गया कि मृतक मंतोष का बहुराज में घर बन रहा था उसी की नींव डालने सभी बहू राज गए थे वहीं से लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। भाई घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है।

## मेन लेन में खड़ा था ट्रक..

हादसे के बाद ट्रक चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रक एक लाइन होटल के सामने फोरलेन की मुख्य लेन में खड़ा था। इससे यह हादसा और भी घातक साबित हुआ। कुछ देर के लिए **NH**-27 पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# देशभर के 551 शहरों में आयोजित हुई नीट-यूजी 2026 परीक्षा, 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***देशभर के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में रविवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी 2026 परीक्षा आयोजित की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***

अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने परीक्षा की जमीनी तैयारियों का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा किया। प्रधान ने इस दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं, परीक्षा केंद्रों के साथ समन्वय और सुचारू संचालन के लिए स्थापित निगरानी तंत्र जैसे प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को संभालने और परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनटीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा में देशभर के विभिन्न केंद्रों पर कड़े प्रोटोकॉल के बीच लगभग 23 लाख पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल हुए। नीट-यूजी देश की सबसे बड़ी स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में से एक है और इसके माध्यम से एमबीबीएस, बीडीएस तथा अन्य संबद्ध चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिला दिया जाता है।

# कोयला स्लरी में दबकर 3 मजदूरों की मौत, कई के फंसे होने की आशंका..



डेस्क जगप्रेरणा।

***झारखंड के धनबाद जिले में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की मुनीडीह कोल वाशरी में शनिवार शाम को कोयला स्लरी के ढहने से तीन ठेका मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। लगातार बारिश से स्लरी का ढेर अचानक भरभरा गया, जिसमें कई मजदूर दब गए। हादसे के बाचाव कार्य शुरू हुआ, जिसमें तीन मजदूरों के शव मिले हैं, लेकिन अभी कई अन्य लोगों के दबे होने की आशंका बनी हुई है। बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।***

जेसीबी और अन्य भारी मशीनरी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है, लेकिन बारिश ने राहत अभियान को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। मुनीडीह ओपी क्षेत्र के तहत संचालित इस कोल वाशरी प्रोजेक्ट में शाम करीब 5 बजे ट्रक में स्लरी (कोयला पाउडर मिश्रित गाद) लोडिंग का काम चल रहा था। तभी भारी बारिश के कारण ऊपरी स्लरी का ढेर अचानक गिर पड़ा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मजदूरों को बाहर निकालने के प्रयास में अब तक तीन शव बरामद हो चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, स्लरी के नीचे और मजदूर फंसे हो सकते हैं, इसलिए बचाव दल रातभर सतर्कता बरतते हुए काम कर रहे हैं।

## बारिश बनी विपदा का कारण..

पिछले कई दिनों से धनबाद क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश ने कोयला स्लरी को अस्थिर कर दिया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी घटनाएं खदानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और मौसमी जोखिमों के कारण होती हैं। बीसीसीएल अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता का आश्वासन दिया है।

## एनडीआरएफ की टीम अलर्ट..

मौके पर पहुंचे धनबाद के डीएम और एसएसपी ने बचाव कार्य का जायजा लिया। एनडीआरएफकी टीम को भी अलर्ट किया गया है। मजदूर संगठनों ने हादसे पर शोक जताते हुए सुरक्षा उपायों की मांग तेज कर दी है। फिलहाल, पूरे इलाके में तनाव का माहौल है और अगली सुबह तक बाकी फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकालने की उम्मीद बंधी है।

# बदमाशों ने छोटे भाई की हत्या कर दूसरे जिले के कुएं में फेंकी लाश

## सदमे में बड़े भाई ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी; 5 गिरफ्तार..




डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के बालोतरा जिले में बदमाशों ने अपहरण के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को दूसरे जिले के एक कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।***

घटना का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि छोटे भाई के लापता होने के गम में बड़े भाई ने भी ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।

## अपहरण कर सुनसान जगह ले गए..

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान बालोतरा निवासी बचिया उर्फ सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरेश सिवाना में मजदूरी करता था। पाली जिले के जेतपुर थानाप्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को वीर बापजी मंदिर के पास सुरेश का ईश्वर भील नाम के व्यक्ति से विवाद हुआ था

और इसी रंजिश में आरोपी लगातार उसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल की शाम आरोपियों ने देवड़ा गांव में रेलवे फाटक के पास से सुरेश का अपहरण कर लिया और सुनसान जगह ले जाकर उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। थानाप्रभारी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी शव को कई किलोमीटर दूर पाली जिले के जेतपुर थाना क्षेत्र के राणा गांव स्थित एक कुएं में फेंक गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने दो मई को कुएं में शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद शव को कुएं से निकालकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## दोहरे मातम में डूबा परिवार..

थानाप्रभारी अरुण ने बताया कि सुरेश के लापता होने से मानसिक तनाव और सदमे में उसके बड़े भाई ने 27 अप्रैल को ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में खाखरलाई गांव निवासी किशनाराम (27), गणपतराम (31), टीकमराम (27), जगदीश (31) और हिंगाराम (18) को गिरफ्तार किया गया।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200






जग प्रेरणा

गोंदिया भंडारा ग्रामीण

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गणेश भदाड़े आमगांव

मो. 7745823591


### सालेकसा पुलिस भर्तीपुर्व प्रशिक्षण शिविर से मिला सफलता कानमंत्र..

# सत्कार समारंभ मे नवनियुक्त पुलिस कर्मचारी एवं अन्य दलो मे नियुक्त कर्मचारी ने व्यक्त की भावनाएं





जगप्रेरणा सालेकसा

***करीब 2022 -2023 से लगातार स्पर्धा परीक्षा के माध्यम से युनीफार्म नोकरी मे नियुक्त होने हेतु प्रयासरत थे किंतु सफलता नही मिल रही थी.सतत युनीफार्म नौकरी मे जाने हेतु सातत्य बनाये रखे थे***

तभी सालेकसा मे पुलिस स्टेशन सालेकसा एंव कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा के संयुक्त तत्वज्ञान मे सालेकसा के आसपास के छात्र छात्रा हेतु स्पर्धा परीक्षा के माध्यम से युनीफार्म नोकरी एंव अन्य क्षेत्र मे स्पर्धा परीक्षा के माध्यम से नौकरी मे नियुक्त करने हेतु पुलिस भर्ती पुर्व प्रशिक्षण शिविर 1 जुन 2025 शुरू किया गया एंव इस शिवीर मे हमने प्रवेश लिया। इस प्रशिक्षण शिवीर मे बिना किसी फीस के हम सभी को पुलिस भर्ती हेतु तांत्रिक पद्धती जिस तरह पुलिस भर्ती हेतु ग्राउंड लिया जाता है वैसी पद्धती से पुलिस स्टेशन के पुलिस कर्मचारी शिक्षक ने प्रशिक्षण दिया। साथ ही लेखी परीक्षा का संपुर्ण ज्ञान प्रदान करने हेतु पुरी प्रशिक्षण कालवधी मे एक दो नही बल्की 75 पुलिस भर्ती परीक्षा का सराव कराया गया, जिसके चलते जब प्रत्यक्ष पुलिस भर्ती या अन्य युनीफार्म नोकरी हेतु ग्राउंड या लेखी परीक्षा देने हेतु गये तो हमारे पिछ्ले सभी मिलने वाले गुणो से ज्यादा गुण प्राप्त करणे का हमे आत्मविश्वास प्राप्त हुआ. हम आज जो विभिन्न जिला पुलिस हो या अन्य युनीफार्म नोकरी मे नियुक्त हुये है इस सफलता मे पुलिस स्टेशन सालेकसा एंव कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा संयुक्त तत्वज्ञान मे शुरू हुये पुलिस भर्ती पुर्व प्रशिक्षण शिबिर ने सफलता का कानमंत्र मिला है. इस तरह की भावना व्यक्त करते हुये पुलिस स्टेशन सालेकसा एंव कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण शिबीर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की वे आज पुलिस स्टेशन मे आयोजित नवनियुक्त जिला पुलिस एवं अन्य युनीफार्म नोकरी मे नियुक्त कर्मचारी के सत्कार समारोह में पुलिस स्टेशन सालेकसा एंव कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा द्वारा आयोजित सत्कार समारोह में सत्कार का स्विकार करते हुये पुलिस प्रशिक्षण शिबिर कृज्ञनता व्यक्त करते हुये बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रुप मे पुलिस उपविभागीय अधिकारी प्रमोद मडामे उपस्थित थे, तो प्रमुख अतिथी के रुप मे पुलिस निरीक्षक भुषण बुराडे, पुलिस उपनिरीक्षक मयुरी नागदेवे, कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा के सचिव एंव लोकमत समाचार तालुका प्रतिनिधी प्रा. गणेश भदाडे, प्रा. राकेश रोकडे, सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ मेंढे, पुलिस भर्ती पुर्व प्रशिक्षण शिबिर के समन्वयक जितेंद्र पगरवार, मुख्य प्रशिक्षक सोनम बडोले उपस्थित थे। कार्यक्रम के अवसर पर सभी युनीफार्म नोकरी प्राप्त छात्र- छात्रा का स्मृतीचिन्ह, पुस्तक,पेन एंव वृक्ष भेट दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष उपविभागीय अधिकारी प्रमोद मडामे ने सभी नवनियुक्त पुलिस कर्मचारी एवं युनीफार्म नोकरी मे आनेवाले सभी कर्मचारी का युनीफार्म नोकरी मे स्वागत करते हुये उनकी नियुक्ति के लिये शुभेच्छा प्रदान करते हुये पुलिस स्टेशन सालेकसा एंव कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था सालेकसा द्वारा चलाये जा रहे छात्र छात्रा उपयोगी इस प्रशिक्षण शिबीर की सराहना करते हुये हरसंभव मदत पुलिस प्रशिक्षण शिबीर को प्रदान करने का भरोसा दिलाया। उपस्थित सभी अतिथी ने भी सभी युनीफार्म नोकरी प्राप्त छात्र- छात्रा को अभिनंदन देते हुये उनको जिस तरह प्रशिक्षण शिबीर ने सफलता की इबादत लिखने मे मदत की उसी तरह वे भी प्रशिक्षण शिबीर को एंव गरजु अपने गाव कस्बे के छात्र छात्रा एंव समाज के लोगो को मदत करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रा. राकेश रोकडे ने किया तो आभार पुलिस निरीक्षक भुषण बुराडे ने माना। इसी पुलिस भर्ती पुर्व प्रशिक्षण शिबीर से पिछ्ले जनवरी माह करीब 14 छात्र छात्रा का विभिन्न युनीफार्म नोकरी मे नियुक्त हुये एंव अब फिर करीब 14 छात्र छात्रा का विभिन्न जिला पुलिस दल एंव युनीफार्म नोकरी मे नियुक्ती मिली है।

**इनकी हुई नियुक्ति**.. किर्ती नागपुरे - नागपुर शहर, निशा कटरे - मुंबई शहर, लक्षीता गावराने-नागपुर शहर, साक्षी राऊत -अमरावती ग्रामीण, वर्षा ठाकरे-गोदिया ग्रामीण, कल्पना भुरकुडे-धुळे ग्रामीण, खुशबु चौधरी -पुणे पोलिस चालक, सुनील नाईक -नागपुर शहर, कमलेश भोयर-एस. आर. पी. एफ वडसा, किरणकुमार कोबे-एस. आर.पी.एफ वडसा।

# गोंदिया जिला स्थापना दिवस पर स्व. महादेवराव शिवणकर को महाराष्ट्र शासन ने किया कृतज्ञतापूर्वक सम्मान..



जगप्रेरणा आमगांव।

***गोंदिया जिला स्थापना दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र शासन की ओर से जिले के शिल्पकार, दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता एवं पूर्व मंत्री स्व. महादेवराव सुखाजी शिवणकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।***

उनके उल्लेखनीय कार्यों का स्मरण करते हुए शासन द्वारा उनका कृतज्ञतापूर्वक गौरव किया गया। इस अवसर पर उनके निवास स्थान पर जाकर स्व. शिवणकर के सुपुत्र एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय महादेवराव शिवणकर का शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

स्व. महादेवराव शिवणकर ने सिंचाई, वित्त तथा विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से गोंदिया जिले के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा, विकास और समाजहित के लिए समर्पित रहा, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

कार्यक्रम में विधायक संजय पुराम, शासन की ओर से उपविभागीय अधिकारी श्रीमती कविता गायकवाड तथा आमगांव के तहसीलदार नवनाथ कातकड़े की प्रमुख उपस्थिति रही। इसके अलावा एड. यसूलाल उपराडे, नरेंद्र बाजपेयी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस दौरान उपस्थित सभी मान्यवरों ने स्व. महादेवराव शिवणकर के कार्यों का गौरव करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले के विकास में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया गया। साथ ही, महाराष्ट्र शासन द्वारा किए गए इस सम्मान एवं स्मरण के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# रिसामा में महाराष्ट्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया





जगप्रेरणा आमगांव।

***श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा में महाराष्ट्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में***

विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सभी उपस्थितों ने राष्ट्रगान गाकर राज्य के प्रति अपनी एकता और सम्मान व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती स्मृति छपरिया की प्रमुख उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सक्रिय सहभाग लिया। उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम केवल शिक्षक और कर्मचारियों की उपस्थिति में ही संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्याध्यापिका श्रीमती स्मृति छपरिया ने महाराष्ट्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राज्य के गठन के इतिहास और उसके पीछे के संघर्ष को विस्तार से बताया। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विद्यार्थियों में देशभक्ति तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मंडल के सदस्य डॉ. विकास जैन, डॉ. लता जैन, डॉ. जितेंद्र वाकळे, डॉ. ललित कलंत्री, डॉ. भाग्यश्री वाळ्के, श्री लीलाधर कलंत्री तथा श्री राजेश गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और विद्यालय के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विचार प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण और भी प्रेरणादायक बन गया। अंत में सभी ने महाराष्ट्र राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस प्रकार सादगीपूर्ण लेकिन प्रेरणादायक वातावरण में महाराष्ट्र दिवस सफलतापूर्वक मनाया गया।

# लाडला छात्र एव लाडली छात्रा स्पर्धा का पुरस्कार वितरण

### कारुटोला प्राथमिक विद्यालय की एक अनूठी पहल ने बटौरी है वाहवाही..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***बचपन में विद्यार्थी को सिखाया गया अनुशासन, साफ-सफाई और समय की पाबंदी उसके जीवन में हमेशा उपयोगी होती है। यदि शिक्षक***

ऐसा करने का निर्णय लें और समर्पण के साथ इस दिशा में काम करें तो इससे निश्चित रूप से छात्रों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। ऐसी ही तस्वीरें सालेकसा तालुका के कोटरा केंद्र के तहत कारुटोला में जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में प्राधानध्यापक जांभुलकर द्वारा चलाए जा रहे अभिनव पहल 'लाडला छात्र' और 'लाड़ली छात्रा' के माध्यम से देखी जा रही हैं।

जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय कारूटोला में स्थित प्राथमिक विद्यालय जिसमें 1ली से 7वी तक की कक्षाएं हैं और स्कूल में कुल 67 छात्र पढ़ते हैं। इसमें 32 लड़के और 35 लड़कियां शामिल हैं। इन्हें पढ़ाने के लिए दो शिक्षक हैं और प्रधानाचार्य अनिल जांभुलकर और सहाय्यक शिक्षक रवींद्र वगरे,प्रकाशे पदा सातो कक्षाओं का प्रबंधन कर रहे हैं द्य जब हम अपने विद्यार्थियों को शिक्षित कर रहे हैं, तो हम उन्हें न केवल प्रतिभाशाली बल्कि सुसंस्कृत बनाने के लिए क्या कर सकते हैं? इसे ध्यान में रखते हुए प्राधानाध्यापक ने कुछ अनूठी गतिविधियां लागू करने का निर्णय लिया। 1 जुलै 2025 को शुरू हुई यह पहल शैक्षणिक सत्र के अंत यानी 30 अप्रैल 2026 तक चलाई गईद्य प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दो लड़कों व दो लड़कियों को 1 मई 2026 को लाडला छात्र एव लाडली छात्रा के रूप में चुना गया इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप स्कुल प्रबंधन श्री. राजकुमारजी नंदेश्वर रहे।

लाडला विद्यार्थी पुरस्कार प्रथम पुरस्कार- रु. 501 रुपये और प्रशंसा प्रमाणपत्र, द्वितीय पुरस्कार- रु. 251 और प्रशंसा प्रमाणपत्र तथा लाडली विद्यार्थिनी पुरस्कार प्रथम पुरस्कार- रु. 501 और प्रशंसा प्रमाणपत्र। द्वितीय पुरस्कार - रु. 251 रुपये और प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया। इस पुरस्कार की घोषणा और वितरण शैक्षणिक सत्र के अंत में, परिणाम वाले दिन, 1 मई 2026 को किया गया।

पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के विजेता बनने के लिए निर्धारित मानदंड और शर्तें इस प्रकार थीं।

1. विद्यार्थियों को घर पर प्रतिदिन कम से कम दो घंटे अध्ययन करना चाहिए। 2. विद्यार्थियों को प्रतिदिन और साफ-सुथरे ढंग से स्कूल आना चाहिए। 3. विद्यार्थियों को स्कूल अनुशासन का पालन करना चाहिए। 4. विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। 5. विद्यार्थियों को सभी प्रकार के खेलों में भाग लेना चाहिए। 6. विद्यार्थियों को सभी स्कूल गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। 7. विद्यार्थियों को गृहकार्य और कक्षाकार्य नियमित रूप से और समय पर पूरा करना चाहिए। 8. विद्यार्थियों को अपने बड़ों का आदर करना चाहिए। चाहे वे घर पर हों या बाहर। 9. विद्यार्थियों को उचित भाषा का प्रयोग करना चाहिए, अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें। 10. विद्यार्थियों को घर के काम अपने बड़ों के निर्देशानुसार करने चाहिए। दो छात्र और दो छात्राओं जिनमें सभी गुण हैं, उन्हे यह वार्षिक पुरस्कार प्रदान किया गया।

वैसे ही पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए वृक्षमित्र पुरस्कार प्रदान करने की पहल 1 जुलाई 2025 को शुरू की गई। वृक्षमित्र पुरस्कार प्रथम पुरस्कार - रू.501और प्रशंसा प्रमाणपत्र। द्वितीय पुरस्कार- 251और प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया। वृक्षमित्र पुरस्कार प्राप्त करनेवाले विद्यार्थीयोको विजेता बनने के लिए निर्धारित मापदंड और शर्ते इस प्रकार थी-

1. पेड अपने घर मे या परिसर मे लगाना होगा। 2. पेड इसी साल जुलै 2025 मे लगाना होगा। 3. लगाये हुए पेड बहुवार्षिक होना चाहिये। 4. सबसे ज्यादा पेड सुरक्षित रखकर संवर्धन करने वाले छात्र या छात्रा को यह पुरस्कार दिया जायेगा।

एक पुरस्कार की घोषणा और वितरण शैक्षणिक सत्र के अंत मे परिणाम वाले दिन 1 मे 2026 को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर किया गया।

### बोले प्राचार्य अनिल जांभुलकर..

स्कूल में शुरू की गई हमारी इस अनूठी पहल को विद्यार्थियों और अभिभावकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। यद्यपि हमारे विद्यार्थी चौदा वर्ष से कम आयु के हैं, फिर भी उनमें अनुशासन और साफ-सफाई की आदत डाली जाने लगी है। हम इससे संतुष्ट हैं। जब तक मैं कारूटोला स्कूल में काम करूंगा, लाडका विद्यार्थी लाडकी विद्यार्थिनी पुरस्कार और वृक्षमित्र पुरस्कार हर साल दिया जाएगा। प्रो. गणेश भदाड़े, पुरस्कार विजेता छात्रा को कमलाबाई भदाड़े की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट दिया गया।



### बोले प्रा.गणेश भदाडे..

'सालेकसा तहसील के जिला परिषद वरिष्ठ प्राथमिक स्कुल कारुटोला मे लाडला छात्र एवं लाडली छात्रा उपक्रम पिछ्ले दो सालो से क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे छात्र छात्रा की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ सर्वांगिण गुणवत्ता मे प्रचंड सुधारणा देखने मिल रही है साथ ही पर्यावरण के प्रति छात्र छात्रा मे जिम्मेदारी की जाणिव निर्माण करने वृक्षमित्र पुरस्कार भी दिया जा रहा है यह सभी उपक्रम सराहनीय है जिस हेतु कमला बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था हमेशा स्कुल मे चल रहे उपक्रम हेतु मदत करते रहेगी'






# सेवा शर्तों को लागू करने मे असमर्थ अधिकारियों के खिलाफ, 11 मई को ग्राम पंचायत कर्मचारियों का विशाल विरोध मोर्चा प्रदर्शन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***आयटक सबंध महाराष्ट्र राज्य ग्रामपंचायत कर्मचारी महासंघ द्वारा 11 मई को गोंदिया जिला परिषद और कलेक्टर कार्यालय पर एक विशाल विरोध मोर्चा और प्रदर्शन आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया हैं***

जो जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारियों की कर्मचारी विरोधी नितीयो के खिलाफ होगा कारण यह अधिकारी ग्राम पंचायत कर्मचारियों के लिए निश्चित सेवा शर्तों को लागू करने में विफल रहे हैं और कर्मचारियों की उचित मांगों को पुरा कारवाने के लिए यह आंदोलन होगा यह निर्णय 2 मई को संगठन के जिला अध्यक्ष चत्रूगण लांजेवार की अध्यक्षता में और राज्य महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड मिलिंद गणवीर के मुख्य मार्गदर्शन में आयोजित जिला बैठक के दौरान लिया गया।

बैठक में महेंद्र कटरे (कार्यकारी अध्यक्ष), बुधराम बोपचे, महेंद्र भोयर, विनोद शहारे, विष्णु हत्तीमारे, ईश्वरदास भंडारी, दीप्ति राणे और खुशाल बनकर सहित प्रमुख जिला पदाधिकारियों की उपस्थिती मे लिया गया बैठक को संबोधित करते हुए, मिलिंद गणवीर ने राज्य कार्यकारी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में विवरण प्रस्तुत किया उन्होंने घोषणा की कि तीन-चरणों वाले आंदोलन का पहला चरण मे राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली मांगों पर केंद्रित है–11 मई को पूरे राज्य भर की जिला परिषदों में विरोध प्रदर्शनों के साथ शुरू होगा इन सेवा शर्तों में वेतन और भत्तों का समय पर वितरण (हर महीने की 5 तारीख तक), नियमों के अनुसार भविष्य निधि **(PF)** में नियमित जमा करने, सेवा पुस्तिकाओं का अद्यतन (अपडेट), सवेतन अर्जित अवकाश का प्रावधान, राज्य सरकार से लंबित वेतन अनुदान बकाया का भुगतान करवाने की जबाबदारी सरकार ने इन अधिकारीयो को दि हैं और साथ ही पंचायत समिति स्तर पर वर्ष में तीन बार और जिला परिषद स्तर पर वर्ष में दो बार शिकायत निवारण की सभायें आयोजित कीए जाने निर्देश राज्य के ग्राम विकास विभाग होने के बावजुद जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी इस ओर निरंतर दुर्लक्ष्य कर रहे हैं सेवा शर्तों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और इनका उल्लंघन करते पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने संबंधित अधिकारियों को विशिष्ट निर्देश जारी किए हैं हालांकि, ये अधिकारी संगठन द्वारा बार -बार दर्ज की गई शिकायतों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

यदि शासन-प्रशासन की ज़िम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी ही इतनी अयोग्यता से काम करें और स्वयं ही नियमों का उल्लंघन करें, तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई कौन करेगा? अब यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न उठ खड़ा हुआ है परिणामस्वरूपइस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मान. ज़िला कलेक्टर, मान. मुख्य कार्यकारी अधिकारी और नागपुर के मान. संभागीय आयुक्त के समक्ष एक मांगपत्र प्रस्तुत कीया जायेगा जिसमें गैर-ज़िम्मेदार उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की विनंती की जाएगी. इस सभा में देवेंद्र मेश्राम, माणिक शहारे, गजेन्द्र हिरवानी, मनोज कोटांगले , गणेश कांबली, नीलेश मस्के, सूरज रामटेके, ऋषिपाल डोंगरे, देवेंद्र दुरुगकर, आशा शहारे, मोरेश्वर कोटंगले, राजेश भोकासे, अरुण बोपचे, सुरेश ठाकरे, राजकुमार मोटघरे, रामेश्वर उके और यादोराव तुमडाम आदी अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# नवेगांव-नागझिरा के 'मुरदोली पर्यटन गेट' से प्रवेश पर पर्यटकों की चांदी, एक साथ दिखे 4 बाघ..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व (एनएनटीआर) के अंतर्गत हाल ही में शुरू हुए 'मुरदोली पर्यटन गेट' (बफर क्षेत्र) से वन्यजीव प्रेमियों के लिए बेहद उत्साहजनक खबर सामने आई है। आज, 3 मई 2026 को सुबह की सफारी के दौरान पर्यटकों को एक साथ चार बाघों के दर्शन हुए। इस रोमांचक दृश्य को देखकर सफारी पर गए पर्यटक गदगद हो गए।***



गौरतलब है कि 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर सड़क अर्जुनी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत इस नए 'मुरदोली पर्यटन गेट' का उद्घाटन बड़े उत्साह के साथ किया गया था। इस नए गेट के खुलने से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, बल्कि पर्यटकों को बाघों के दर्शन के लिए एक नया और सुलभ विकल्प भी मिल गया है।

## पर्यटकों की बढ़ रही है भीड़

गौरतलब है कि उपसंचालक (नवेगांव-नागझिरा टाइगर रिजर्व, साकोली) द्वारा जारी मुरदोली गेट से वर्तमान में सुबह 5 जिप्सी और शाम को 5 जिप्सी को प्रवेश दिया जा रहा है। बाघों के लगातार दर्शन होने की खबर फैलते ही सभी जिप्सियों की बुकिंग फुल हो रही है। मुरदोली गेट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह गोंदिया शहर से बेहद करीब है। गोंदिया-कोहमारा मार्ग पर स्थित यह गेट शहर से मात्र आधे घंटे की दूरी पर है, जिससे पर्यटकों के समय की बचत हो रही है।

## वन विभाग के प्रयास सफल

**बाघों के इस तरह खुलेआम दर्शन होने से वन विभाग के अधिकारी भी उत्साहित हैं। विभाग का मानना है कि इस नए गेट के शुरू होने से मुख्य क्षेत्रों पर पर्यटन का दबाव कम होगा और बफर जोन में वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। आज के सफारी अनुभव ने यह साबित कर दिया है कि मुरदोली गेट आने वाले समय में वन्यजीव प्रेमियों का पसंदीदा हॉटस्पॉट बनने वाला है।**

# भारत को बौद्धमय बनाने का संकल्प लें – श्रीमती अमृता मिलन

## 'मांगनेवाले छोडो गुलामी' संगीत महफिल रही चर्चा में..

## बुद्ध जयंती का हुआ समारोहपूर्वक समापन.








जगप्रेरणा गोंदिया।

***यदि हमने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की शिक्षाओं को आत्मसात कर उनके सच्चे अनुयायी बने होते, तो भारत अब तक बौद्धमय हो गया होता, ऐसा दृढ़ विश्वास छत्तीसगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अमृता मिलन ने व्यक्त किया।***

श्रीमती अमृता तथागत बुद्ध जयंती के दो दिवसीय कार्यक्रम में 3 मई को समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ के बहुजन हितचिंतक रमेश जटवार, नगर सेविका स्नेहा गडपायले, पूर्व अध्यक्ष अनंत टेम्भूरकर और राजश्री गोडाने उपस्थित थे।

श्रीमती अमृता मिलन ने आगे कहा कि हमारा देश सर्वोपरि है, फिर भी यहाँ धर्म और राजनीति को अधिक महत्व दिया जा रहा है। भारत में वास्तविक लोकतंत्र नहीं है क्योंकि लोकतंत्र की सही परिभाषा अभी तक समझी नहीं गई है। जब सरकार देश के लोगों के हित में स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकती, तो हम कैसे कह सकते हैं कि हमारा देश पूरी तरह स्वतंत्र हो गया है? उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा था कि 'मैं आपसे किताबों के माध्यम से मिलूँगा', लेकिन मनुवादियों ने पाठ्यपुस्तकों से बुद्ध, फुले, शाहू और अंबेडकर के विचारों को अदृश्य कर दिया है। ईरान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ईरान सही मायने में नैतिकता पर चलता है। वहां महिला वैज्ञानिक हैं और वह देश बुद्ध के दर्शन को अपनाकर आगे बढ़ा है।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री जटवार ने कहा कि बुद्ध का दर्शन ही विज्ञान है, विज्ञान चित्त और चेतना का निर्माण करता है। सम्राट अशोक मौर्य के भीतर चित्त और चेतना जाग्रत होने के कारण ही उन्होंने कलिंग युद्ध का त्याग किया। उन्होंने अपने बच्चों, संघमित्रा और महेंद्र को विदेश भेजा और 84 हजार शिलालेखों का निर्माण करवाया। डाकू अंगुलीमाल ने भी हिंसा त्याग कर बुद्ध का मार्ग अपनाया। उन्होंने आगे कहा कि तथागत ने बताया है कि संसार में दुख है, उसका कारण है और उस दुख के निवारण का उपाय भी बुद्ध ने दिया है। इसलिए उन्होंने बौद्ध अनुयायियों से त्रिशरण, पंचशील, अष्टांगिक मार्ग और पारमिताओं का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान नन्हीं शिवानी बांगरे के ओजस्वी भाषण ने श्रोताओं को आश्चर्यचकित कर दिया। साथ ही, औरंगाबाद के बहुजन मिशनरी गायक योगीराज आनंद की संगीतमय महफिल ने भी खूब वाहवाही लूटी। उनके गीतों– मांगने वाले छोड़ो गुलामी, बन जाओ देने वाला - ये कहता हूं मैं जयभीम वाला और भीमाईचं लेक लयी न्यारं, राखली समाजाची अब्रू - हे चवदावं लेकरू पर दर्शकों ने जोरदार दाद दी। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति द्वारा इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं को वंदन करके की गई। कार्यक्रम का संचालन किशोर रामटेके ने किया और अरविंद भावे ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## इनका रहा अथक प्रयास..

बुद्ध जयंती कार्यक्रमों को सफल बनाने जयंती समिति के पदाधिकारी अंकुर गजभिये, अश्विन खांडेकर, विलास वासनिक, सुशील गणवीर, दिनेश उके, सुनील भरणे, संजय वाहने, एन. के. शेंडे, सुरेश नंदेश्वर, संतोष डोंगरे, अशोक कांबळे, एन. एल. मेश्राम, सविता उके, कोकिला राहुलकर, राजश्री गोंडाने, सुनील डोंगरे, नरेंद्र मेश्राम स्टडी पॉइंट, सुनील मेश्राम और पृथ्वीराज कोल्हटकर ने सहयोग दिया। इस अवसर पर भारी जनसमूह उपस्थित था और जयंती समिति के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़ा परिश्रम किया।

# महंगे नशीले पदार्थ एम.डी. (मेफेड्रोन) क्रिस्टल पाउडर के कारोबारी को गोंदिया पुलिस ने किया गिरफ्तार..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एम.डी. (मेफेड्रोन) क्रिस्टल पाउडर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत लगभग 4 लाख 33 हजार 400 रुपये आंकी गई है।***




प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 02 मई 2026 को पुलिस निरीक्षक के निर्देशानुसार पुलिस टीम अवैध गतिविधियों के खिलाफ पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान एक गोपनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शास्त्री वार्ड, संजय नगर, गोंदिया निवासी असलम उर्फ बाबू इकबाल खान (उम्र 21 वर्ष) अपने घर में एम.डी. पाउडर (नशीला पदार्थ) रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने पंचों और आवश्यक सामग्री के साथ आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर के अंदर एक कमरे में रखी लकड़ी की अलमारी के पास एक छोटी स्टील की डिब्बी में पारदर्शक प्लास्टिक पॉलिथीन में सफेद रंग का पाउडर पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि यह एम.डी. (मेफेड्रोन) क्रिस्टल पाउडर है। पुलिस ने मौके पर ही पदार्थ का वजन किया, जो 11.7 ग्राम पाया गया। इसकी बाजार कीमत लगभग 22,000 रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से कुल 4,33,400 रुपये आंकी गई। इसके अलावा आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10,000 रुपये) भी जब्त किया गया।

इस कार्रवाई के बाद आरोपी असलम उर्फ बाबू इकबाल खान के खिलाफ गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 160/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 22(ब) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। गोंदिया शहर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी श्री साहील झरकर के मार्गदर्शन में गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक श्री किशोर पर्वत तथा उनकी टीम में स. पो. नि. वैभव गेडाम, डी. बी. पथक के पो. उपनि. अनिल डोंगरवार, सफौ/ कवलपाल सिंग भाटीया, पोहवा / सुदेश टेंभरे, दीपक राहांगडाले, निशिकांत लोंदासे, सतीश शेंडे, प्रमोद चव्हाण, पो.शि. दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, अशोक रहांगडाले, कुणाल बारेवार, मुकेश रावते, प्रमोद शेंडे, सोनु नागपुरे, राकेश बंजारे, अजय बोपचे, विजय बिसेन का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 12 वी कॉमर्स की स्टेट टॉपर कनक संजय बैद का जैन श्वेताम्बर मूर्तिपुजक संघ ने किया अभिनंदन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के कक्षा 12 वीं के स्टेट बोर्ड के परीक्षा परिणाम 02 मई को घोषित किये गए, जिसमें 12 वीं कॉमर्स विषय में प्रदेश में सर्वाधिक अंक अर्जित कर गोंदिया की छात्रा कु. कनक संजय बैद ने जिले का गौरव बढ़ाया है।***



कु. कनक संजय बैद ने महाराष्ट्र राज्य हायर सेकेंडरी बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवीं कॉमर्स की परीक्षा में 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और पूरे महाराष्ट्र राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार व पूरे गोंदिया शहर को गौरवान्वित किया, जिस पर श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ गोंदिया द्वारा बैद परिवार के निवास पर जाकर अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि कु. कनक संजय बैद श्रीमती मैनाबाई दीपचंद बैद की सुपौत्री है। कु. कनक का अभिनंदन श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के प्रमुख ट्रस्टी निलेश पारेख, ट्रस्टी राजेश लुनिया, राजेश बरडिया, अध्यक्ष दिनेश बैद, उपाध्यक्ष कैलाश खजांची, कोषाध्यक्ष सुभाष बोथरा, भवन प्रभारी आनंद बरडिया, स्वाध्याय प्रभारी रचित खजांची एवं कार्यकारिणी के मार्गदर्शक शांतीचंद खजांची द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया, एवं स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com